• जयपुर, शनिवार, 6 जुलाई 24• वर्ष 13 • अंक 308 • पृष्ठ : 8 • मूल्य : 1 रुपये

www.chamaktarajasthan.in| Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2024-25

RNI. No. RAJHIND/2011/40950

दैनिक

राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त

सच के साथ मजबूती से बढ़ाये क़दम

# चमकता राजस्थान

विज्ञापन के लिए : 93145 05000

जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित

अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूंदी, धौलपुर, हिंडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित

सुविचार

''सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।''

● स्वामी विवेकानंद

पेज @3 जलदाय विभाग की अभिनव पहल जल संग्रहण व संरक्षण पर राज्य...

पेज @4 सार्वजनिक निर्माण विभाग मैं स्थित कैंटीन की फॉल-सीलिंग ...

पेज @8 » हिन्दू धर्म को बदनाम और नीचा दिखाने का कुत्सक प्रयास...

### पांच साल में देश का रक्षा उत्पादन का मूल्य 60 फीसदी से ज्यादा बढ़ा

# स्वदेशी रक्षा उत्पादन में भारत ने की अब तक की सबसे अधिक वृद्धि हासिल

### रक्षा उत्पादन का मूल्य रिकॉर्ड उच्च स्तर 1,26,887 करोड़ रुपये तक पहुंचा

नयी दिल्ली । एजेंसी

सरकार ने रक्षा क्षेत्र में 'आत्मनिर्भरता' हासिल करने पर ध्यान केंद्रित करते हुए वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान स्वदेशी रक्षा उत्पादन में अब तक की सबसे अधिक वृद्धि हासिल की है। पिछले पांच साल में देश का रक्षा उत्पादन का मूल्य 60 फीसदी से ज्यादा बढ़ा है। वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान देश में रक्षा उत्पादन का मूल्य रिकॉर्ड-उच्च स्तर यानी 1,26,887 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। यह पिछले वित्तीय वर्ष के रक्षा उत्पादन की तुलना में 16.7 फीसदी ज्यादा है। वित्त वर्ष 2022-23 में रक्षा उत्पादन का मूल्य 1,08,684 करोड़ रुपये था। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि सरकार भारत को एक अग्रणी वैश्विक रक्षा उत्पादन केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि रक्षा से संबंधित सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (डीपीएसयू), रक्षा सामग्रियों का उत्पादन करने वाले अन्य सार्वजनिक उपक्रमों और निजी कंपनियों से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार देश में रक्षा उत्पादन का मूल्य रिकॉर्ड ऊंचाई तक बढ़कर यानी 1,26,887 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। यह पिछले वित्तीय वर्ष के रक्षा उत्पादन की तुलना में 16.7 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान रक्षा उत्पादन का मूल्य 1,08,684 करोड़ रुपये था। रक्षा मंत्री ने कहा कि 'मेक इन इंडिया' कार्यक्रम साल-दर-साल नयी उपलब्धियां हासिल कर रहा है। उन्होंने भारत को एक अग्रणी वैश्विक रक्षा उत्पादन केंद्र के रूप में विकसित करने के सरकार के अटूट संकल्प को दोहराया। वर्ष 2023-24 के दौरान उत्पादन के कुल मूल्य में डीपीएसयू ने लगभग 79.2 प्रतिशत और निजी क्षेत्र ने 20.8 प्रतिशत का योगदान दिया है। आंकड़ों से पता चलता है कि पूर्ण मूल्य के संदर्भ में डीपीएसयू, पीएसयू और निजी क्षेत्र ने रक्षा उत्पादन में लगातार वृद्धि दर्ज की है। राजनाथ सिंह ने रक्षा उत्पादन को सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर ले जाने के लिए डीपीएसयू, रक्षा सामग्रियों का उत्पादन करने वाले अन्य सार्वजनिक उपक्रमों और निजी उद्योग सहित संपूर्ण रक्षा उद्योग को बधाई दी।

उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए पिछले 10 वर्षों के दौरान सरकार ने विभिन्न नीतिगत सुधार, पहल और व्यापार करने में आसानी से जुड़े कदम उठाये हैं, जिसके कारण यह उपलब्धि अर्जित हुई है। इसके अलावा बढ़ते रक्षा निर्यात ने स्वदेशी रक्षा उत्पादन की समग्र वृद्धि में जबरदस्त योगदान दिया है।




## पीएम ने की रक्षा उत्पादन में सर्वाधिक वृद्धि की सराहना

नयी दिल्ली । एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रक्षा उत्पादन में 2023-24 में दर्ज की गई अब तक की सबसे अधिक वृद्धि की सराहना की है, जो पिछले वित्त वर्ष के उत्पादन मूल्य की तुलना में 16.8 प्रतिशत बढ़कर 1,26,887 करोड़ रुपये हो गई है। मोदी ने शुक्रवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के एक्स पर साझा एक पोस्ट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए लिखा, 'बहुत उत्साहजनक विकास। इस उपलब्धि में योगदान देने वाले सभी लोगों को बधाई। हम अपनी क्षमताओं को और बढ़ाने और भारत को एक अग्रणी वैश्विक रक्षा विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित करने के लिए एक सहायक वातावरण का पोषण करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं। यह हमारे सुरक्षा तंत्र को मजबूत करेगा और हमें आत्मनिर्भर बनाएगा।'

न्यूज़ अपडेट

## केजरीवाल की जमानत याचिका पर सीबीआई को हाई कोर्ट का नोटिस

**नई दिल्ली/एजेंसी।** दिल्ली हाई कोर्ट ने शुक्रवार को शराब घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की दायर जमानत याचिका पर सीबीआई को नोटिस जारी किया। जस्टिस नीना बंसल कृष्णा की बेंच ने सीबीआई से अपना जवाब दाखिल करने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई 17 जुलाई तय की है। सुनवाई के दौरान सीबीआई का प्रतिनिधित्व कर रहे वकील ने हाई कोर्ट में जमानत याचिका दायर करने पर आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि सीएम केजरीवाल को जमानत के लिए पहले निचली अदालत का दरवाजा खटखटाना चाहिए था। हालांकि, बेंच ने कहा कि इस तर्क पर बाद में विचार किया जाएगा। बेंच ने सीबीआई को इस बीच अपना जवाब दाखिल करने को कहा है।

## खड़ी ट्रक में घुसी बोलेरो दो की मौत, तीन घायल

**मीरजापुर/एजेंसी।** राजगढ़ थाना क्षेत्र के विशनपुरा में खड़ी ट्रक में पीछे से तेज रफ्तार बोलेरो घुस जाने से दो की मौत हो गई है जबकि तीन गंभीर रूप से घायल होने बताएं जा रहें हैं। गंभीर रूप से घायल को रेफर कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार डॉक्टर पंकज पांडे अपने परिवार के साथ बढ़ौली चौराहा राबर्ट्सगंज, सोनभद्र से मिर्जापुर जा रहे थे कि रास्ते में ही राजगढ़ थाना क्षेत्र के विशनपुरा के पास खड़ी ट्रक में बोलेरो घुस गई जिसमें मृतक डॉक्टर पंकज पांडे 45 वर्षीय पुत्र स्वर्गीय महेंद्र पांडे बढ़ौली चौराहा निवासी की मौत हो गई। उनके साथ उनके पुत्र नव्य पांडे 14 वर्षीय पुत्र डॉक्टर पंकज पांडेय की भी मौत हो गई। मृतक डॉक्टर पंकज पांडे की पत्नी अनीता पांडे 40 वर्षीय और 8 वर्षीय पुत्री गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके अलावा बोलेरो चालक अमरनाथ 40 वर्षीय भी घायल हो गए हैं। सभी बढ़ौली चौराहा राबर्ट्सगंज के निवासी हैं।

## तेलंगाना में बीआरएस को बड़ा झटका, कांग्रेस में शामिल हुए छह एमएलसी

**हैदराबाद/एजेंसी।** तेलंगाना में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) को बड़ा झटका लगा है। गुरुवार देर रात बीआरएस के छह एमएलसी कांग्रेस में शामिल हो गए। इसी के साथ 40 सदस्यीय तेलंगाना विधान परिषद में सत्तारूढ़ कांग्रेस पार्टी की संख्या दोगुनी होकर 12 हो गई।

मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी के दिल्ली से लौटने के बाद दांडे विल, भानु प्रसाद, बी दयानंद, प्रभाकर राव, एग्गे मल्लेशम और बसवराजू सरैया औपचारिक रूप से गुरुवार रात करीब एक बजे कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए।

### दिल्ली में बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा से मिले किरोड़ीलाल मीणा

# इस्तीफे पर बोले- 45 साल से जिस क्षेत्र में सेवाएं दीं, वे लोग विमुख हुए बर्दाश्त नहीं कर सकता

चमकता राजस्थान

## पीएम नरेंद्र मोदी रखते हैं मित्रवत विशेष स्नेह





**जयपुर (खलील कुरैशी)।** मंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद किरोड़ीलाल मीणा आज दिल्ली पहुंच गए हैं। दिल्ली में बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा से मिलने के बाद भी किरोड़ीलाल मीणा अपने इस्तीफे के स्टैंड पर कायम हैं। नड्डा से मिलने के बादकिरोड़ीलाल मीणा ने कहा- मैंने इस्तीफा बहुत पहले दे दिया था। उजागर कल किया था, राष्ट्रीय अध्यक्ष ने मुझे आज 11:15 बजे मिलने बुलाया था। उन्होंने मुझसे पूछा इस्तीफा क्यों दिया, मैंने कहा एक ही कारण है कि मैं 40-45 साल से जिस क्षेत्र में सेवाएं दे रहा हूं, न दिन देखा न रात देखा, न गर्मी न सर्दी देखी। वो लोग मेरे से विमुख हो गए, यह चीज मैं बर्दाश्त नहीं कर सकता, इसलिए नैतिकता के नाते मंत्री पर छोड़ दिया, क्योंकि मैंने लोकसभा चुनाव में इसकी घोषणा की थी। मैं मेरे विधानसभा और संसदीय क्षेत्र में पार्टी को जीत नहीं दिला सका यही कारण है और कोई कारण नहीं है। इस्तीफा वापसी के सवाल पर कहा कि यह अलग बात है, 10 दिन बाद मिलूंगा, फिर बताऊंगा।मैंने इमरजेंसी में मोदीजी के साथ काम किया, वे मुझसे स्नेह रखते हैंकिरोड़ी ने कहा- यह बात सही है कि इमरजेंसी में मोदी जी के साथ काम किया है, मैं मीसा में भी बंदी रहा हूं, यातनाएं भी बहुत दी गई। मैं पार्टी लाइन नहीं छोड़ता, पार्टी के अनुशासन में रहता हूं। मोदी मुझे बहुत स्नेह करते हैं, मित्रवत संबंध रखते हैं, मैं भी उनका बहुत आदर करता हूं।

## 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने की ओर भारत : एनके सिंह

नई दिल्ली/एजेंसी।



भारत के बड़े अर्थशास्त्री और नीति निर्माताओं में एक एनके सिंह ने कहा है कि विश्व भारत के युग में प्रवेश की दहलीज पर खड़ा है और तेज वृद्धि दर होने के कारण देश 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने की ओर बढ़ रहा है।

सिंह ने ये बातें लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स एंड पॉलिटिकल साइंस (एलएसई) में प्रतिष्ठित मानद फेलोशिप प्रदान किए जाने के दौरान अपने संबोधन में कहीं।

सिंह ने आगे कहा कि उन्हें नोबेल पुरस्कार से सम्मानित प्रोफेसर अमर्त्य सेन और पूर्व राष्ट्रपति केआर नारायणन जैसे भारतीयों की श्रेणी में आकर गर्व महसूस हो रहा है। यूनिवर्सिटी की ओर से कहा गया कि सिंह को दिया गया सम्मान एलएसई के साथ लंबे समय तक और प्रतिबद्ध संबंधों और एलएसई के भारत सलाहकार बोर्ड के सह-अध्यक्ष के रूप में भारत के साथ संबंधों को सुविधाजनक बनाने में उसके प्रयासों को मान्यता देता है।

अपने संबोधन में सिंह ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में वह और सभी केंद्रीय मंत्री 2047 के विकसित भारत के विजन को लेकर प्रतिबद्ध हैं। अगले दशकों तक भारत को विकास दर की इस रफ्तार को बनाए रखने की जरूरत है। भारत दुनिया की सबसे तेज अर्थव्यवस्था है। वित्त वर्ष 2023-24 में भारत की विकास दर 8.2 प्रतिशत थी, जो कि चालू वित्त वर्ष में 7.2 प्रतिशत रहने का अनुमान है। एनके सिंह भारत के प्रमुख अर्थशास्त्रियों में से एक हैं। वे 15वें वित्त आयोग के चेयरमैन रह चुके हैं। इससे पहले, वे राजकोषीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबंधन समीक्षा समिति (एफआरबीएम) के अध्यक्ष रह चुके हैं। वे 2008 से 2014 तक संसद के उच्च सदन, राज्य सभा के सदस्य भी रहे। इस दौरान उन्होंने लोक लेखा समिति, विदेश मामलों की समिति और मानव संसाधन विकास समिति सहित कई प्रमुख संसदीय स्थायी समितियों में योगदान दिया।

### नए रिकॉर्ड की ओर अमरनाथ यात्रा

## 6 दिनों में 1.25 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने बाबा बर्फानी के किए दर्शन



जम्मू /एजेंसी।

कश्मीर में अमरनाथ मंदिर में पिछले छह दिनों में 1.25 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने बाबा बर्फानी के दर्शन किए। पिछले वर्ष यह संख्या यात्रा शुरू होने के बाद 10 दिन में पहुंची थी। वहीं 6 हजार 919 यात्रियों का एक और जत्था शुक्रवार को कश्मीर के लिए रवाना हुआ।

श्री अमरनाथजी श्राइन बोर्ड (एसएएसबी) के अधिकारियों ने बताया, आज 6,919 यात्रियों का एक और जत्था भगवती नगर यात्रा निवास से दो सुरक्षा काफिलों में घाटी के लिए रवाना हुआ। इनमें से 2542 तीर्थयात्री सुबह 4 बजे 109 वाहनों के सुरक्षा काफिले में उत्तरी कश्मीर के बालटाल बेस कैंप के लिए रवाना हुए। वहीं 4,377 यात्रियों को लेकर 150 वाहनों का एक और सुरक्षा काफिला सुबह 4.30 बजे दक्षिण कश्मीर के नुनवान (पहलगाम) बेस कैंप के लिए रवाना हुआ। मौसम विभाग ने दोनों यात्रा मार्गों पर आमतौर पर बादल छाए रहने और दिन में गरज के साथ हल्की बारिश की संभावना जताई है। श्रद्धालु या तो 48 किलोमीटर लंबे पारंपरिक पहलगाम गुफा मंदिर मार्ग से यात्रा करते हैं या फिर 14 किलोमीटर लंबे बालटाल मार्ग से यात्रा करते हैं।

# पेरिस ओलंपिक : भारतीय दल से पीएम मोदी की मुलाकात, दिया जीत का 'गुरु मंत्र'

नई दिल्ली/एजेंसी।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 26 जुलाई से शुरू हो रहे पेरिस ओलंपिक में हिस्सा ले रहे भारतीय खिलाड़ियों से खास मुलाकात की और उनके शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें शुभकामनाएं दी।

पीएम मोदी ने गुरुवार को पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए रवाना होने वाले भारतीय दल से बातचीत की। इस दौरान कई खिलाड़ी ऑनलाइन भी जुड़े, इनमें नीरज चोपड़ा, प्रियंका गोस्वामी और पीवी सिंधु जैसी धाकड़ खिलाड़ी भी रहे। पीएम मोदी के आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट से खिलाड़ियों से मुलाकात का वीडियो शेयर किया गया। वीडियो के कैप्शन में लिखा गया है, ओलंपिक के लिए पेरिस जा रहे हमारे दल से बातचीत की। मुझे विश्वास है कि हमारे एथलीट अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे और भारत को गौरवान्वित करेंगे। उनकी जर्नी और सफलता 140 करोड़ भारतीयों को उम्मीद देती है।

पीएम मोदी ने देश के लोगों से 26 जुलाई से शुरू हो रहे ओलंपिक में भाग लेने वाले खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने का भी आग्रह किया। भारत 2020 टोक्यो ओलंपिक में अपने 7 पदकों की संख्या को पार करने की कोशिश करेगा।

पीएम मोदी ने कहा, साथियों, पेरिस ओलंपिक में आपको कुछ चीजें पहली बार देखने को मिलेंगी। निशानेबाजी में हमारे खिलाड़ियों की प्रतिभा सामने आ रही है। टेबल टेनिस में पुरुष और महिला दोनों टीमों ने क्वालीफाई किया है। हमारी निशानेबाज बेटियां भारतीय शॉटगन टीम का भी हिस्सा हैं। इस बार हमारी टीम के सदस्य कुश्ती और घुड़सवारी में उन श्रेणियों में भी प्रतिस्पर्धा करेंगे, जिनमें उन्होंने पहले कभी हिस्सा नहीं लिया।

इससे आप अंदाजा लगा सकते हैं कि इस बार खेलों में अलग ही उत्साह देखने को मिलेगा। आपको याद होगाज कुछ महीने पहले ही हमने विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अपना बेहतरीन प्रदर्शन किया था। शतरंज और बैडमिंटन में भी हमारे खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया है।

अब पूरा देश उम्मीद कर रहा है कि हमारे खिलाड़ी ओलंपिक में भी अच्छा प्रदर्शन करेंज इन खेलों में पदक जीतें और देशवासियों का दिल भी जीतें।

# अध्यात्म के आनंद ने बदला विराट कोहली को

अभी कुछ दिन पहले खत्म हुए टी-20 वर्ल्ड कप क्रिकेट चैंपियनशिप के फाइनल में अपने शानदार प्रदर्शन और उसके बाद इस फॉर्मेट से सन्यास लेने के बाद सारा देश विराट कोहली की उपलब्धियों पर चर्चा कर रहा है। हालांकि, इस बहस के दौरान एक पक्ष नजरअंदाज सा हो रहा है कि कुछ साल पहले तक बात-बात पर आवेश में आने वाले विराट कोहली अब इतने शांत कैसे हो गये हैं? विराट कोहली की पर्सनेल्टी में आखिरकार इतना आमूल-चूल बदलाव कैसे आ गया? इस सकारात्मक बदलाव में मुझे उनका अध्यात्म की तरफ बढ़ना एक बड़ी वजह समझ आता है। वो आजकल लगातार सपरिवार विभिन्न तीर्थ स्थलों पर जाकर अच्छा सा वक्त बिताने लगे हैं। उन्हें वृंदावन जाना खास पसंद है।

विराट कोहली वृंदावन में श्री परमानंद जी का आशीर्वाद लेने जाते हैं। वो पिछले साल जनवरी में भगवान कृष्ण की नगरी वृंदावन में अपनी पत्नी अनुष्का शर्मा के साथ बाबा नीम करौली की समाधि के दर्शन करने के लिए गए थे। पहले दोनों बाबा नीम करौली की समाधि पर गए और फिर आनंदमयी आश्रम पहुंचे, जहां उन्होंने कई संतों से मुलाकात की। साथ ही दोनों ने बांके-बिहारी के मंदिर के साथ कई अन्य प्रमुख मंदिरों के भी दर्शन किए। वे ऋषिकेश में दयानंद गिरि आश्रम में भी जाते हैं। दयानंद गिरि आश्रम में विराट और उनकी पत्नी अनुष्का कई बार यात्रा कर चुके हैं। विराट और अनुष्का ने यहां पहुंचकर ब्रह्मलीन दयानंद सरस्वती की समाधि के भी दर्शन किए और गंगा घाट पर संत-पंडितों के साथ आरती में भी शामिल हुए। विराट कोहली ने यहां योग करने के बाद पूजा अर्चना की थी और फिर सार्वजनिक धार्मिक अनुष्ठान कर भंडारे का आयोजन करवाया था। स्वामी दयानंद गिरि का सितंबर, 2015 में निधन हो गया था। वो ऋषिकेश में दयानंद सरस्वती आश्रम और कोयंबटूर में अर्श विद्या गुरुकुलम के शिक्षक थे। उन्होंने करीब 50 सालों तक देश और विदेश में वेदांत की शिक्षा दी थी। इस बीच, विराट कोहली अपनी पत्नी के साथ पिछले साल उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर पहुंचे थे। उन्होंने सुबह चार बजे भस्म आरती की और भगवान का आशीर्वाद लिया। विराट कोहली ने आरती के बाद मंदिर के गर्भगृह में जाकर पंचामृत पूजन अभिषेक किया। विराट कोहली ने गले में रुद्राक्ष की माला भी धारण की। शायद ही विराट कोहली के कद का कोई अन्य खिलाड़ी इतनी तीर्थ यात्राएं करता हो।

एक समय था जब विराट कोहली की शख्सियत का एक श्याम पक्ष उनका मैदान के अंदर और बाहर बेहद उग्र और तपाकी होना भी था। वो फौरन आवेश में आकर झगड़ा करने लगते थे। उनका मैदान के भीतर भारतीय टीम के पूर्व खिलाड़ी गौतम गंभीर से कई बार झगड़ा हुआ। विराट कोहली के गुस्से का शिकार आस्ट्रेलिया में एक पत्रकार भी हुआ था। विराट कोहली ने एक बार इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के एक मैच में अंपायर कुमार धर्मसेना को अपशब्द कहने शुरू कर दिए थे। धर्मसेना श्रीलंका के टेस्ट खिलाड़ी थे। उनके इस तरह के व्यवहार के कारण विराट कोहली की छवि बहुत खराब बन रही थी। पर अब वो अपनी उस खराब छवि को बहुत पीछे छोड़ चुके हैं। वो अपने क्रोध पर काबू पा चुके हैं। वो मैदान के अंदर-बाहर शांत रहते हैं। क्रोध का न होना मन को शांत रखने का सबसे प्रभावशाली उपाय है। क्रोध की उत्पत्ति केवल अधूरी इच्छाओं से होती है। जो इंसान दूसरों से कोई अपेक्षा नहीं रखता, वह अपने संगी-साथियों से नाराज नहीं हो सकता। विराट कोहली अध्यात्म के रास्ते पर चलने से विनम्र भी हुए हैं। वो बिशन सिंह बेदी के सार्वजनिक रूप से चरण स्पर्श करते थे। दिल्ली क्रिकेट के गढ़ फिरोजशाह कोटला मैदान में होने वाले कार्यक्रमों में विराट कोहली बेदी पाजी के चरण स्पर्श करते हुए कई बार देखे गए थे। आप बता दीजिए कि विराट कोहली के अलावा कितने खिलाड़ी गुजरे दौर के खिलाड़ियों के चरण स्पर्श करते हैं। तो बहुत साफ है कि उन्होंने अपने में सकारात्मक बदलाव किए। इससे वो एक बेहतर मनुष्य के रूप में सामने आए हैं।

अपनी जीवनशैली को बदलते हुए विराट कोहली अब शाकाहारी भी हो चुके हैं। उनका शाकाहारी हो जाना आश्चर्यजनक है क्योंकि अधिकांश खिलाड़ी मांसाहारी और शाकाहारी खाद्य पदार्थों के मिश्रण को ही भोजन में पसंद करते हैं। विराट कोहली अपनी फिटनेस का श्रेय शाकाहारी भोजन को देते हैं। इसके अलावा, वो मुख्य रूप से उबले हुए खाद्य पदार्थों का सेवन करते हैं, जिनमें किसी प्रकार के तेल का प्रयोग नहीं होता है। लेकिन, खास अवसरों पर वो जैतून के तेल में पकाए गई डिशेज को खा लेते हैं। टीम इंडिया के टी20 विश्व कप 2024 का खिताब जीतने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने टीम के कप्तान रोहित शर्मा के अलावा विराट कोहली से भी बात की। प्रधानमंत्री मोदी ने विराट से कहा , "आपसे बात करके खुशी हुई। आपने फाइनल में जिस तरह की पारी खेली, उसी तरह से भारतीय बल्लेबाजी को शानदार तरीके से आगे बढ़ाया है। आप हर फॉर्मेट में चमके हैं। टी20 क्रिकेट में आपकी कमी खलेगी। लेकिन मुझे यकीन है कि आप नई पीढ़ी को प्रेरित करते रहेंगे।" विराट कोहली आज सारे देश के रोल मॉडल बन चुके हैं। वो मात्र पैसे के लिए शीतल पेय या पान मसाला जैसे उत्पादों का विज्ञापन स्वीकार नहीं करते। उनसे हमारे कई फिल्मी सितारे सीख ले सकते हैं। वो अपनी फिटनेस पर भरपूर ध्यान देते हैं।

उन्होंने कई वर्षों से अपना वज़न 70 किलो से नीचे रखा है। 34 साल की उम्र में भी उनकी फिटनेस अपने से कम उम्र के खिलाड़ियों से बेहतर है। वो एक दौर में घनघोर भोजन भट्ट हुआ करते थे। वो तब उन सभी चीजों को खाते थे, जो खिलाड़ियों को वर्जित होती हैं। अब वो एक दिन भी व्यायाम नहीं छोड़ते। विराट कोहली को करीब से जानने वाले जानते हैं कि करीब 12 साल पहले उन्होंने अपनी फिटनेस को बहुत गंभीरता से लेना शुरू कर दिया था। उन्होंने अपनी जिम ट्रेनिंग और खाने की आदतों को पूरी तरह से बदला। उन्होंने अपने को तीनों फॉर्मेट में खेलने के लिए तैयार किया। हालांकि वो अब क्रिकेट के दो प्रारूपों क्रमशः टेस्ट मैच और एकदिवसीय मैच ही खेलेंगे। यानी वो आने वाले कुछ सालों तक देश को आनंद और गौरव के लम्हें प्रदान करते रहेंगे।

# ग्रामीण भारत में प्रौढ़ शिक्षा की आवश्यकता



मनतार सिंह

शिक्षा विकास की आधारशिला है, फिर भी ग्रामीण भारत में प्रौढ़ शिक्षा एक महत्वपूर्ण चुनौती बनी हुई है। साक्षरता दर में काफी प्रगति के बावजूद, ग्रामीण क्षेत्रों में लाखों वयस्कों में अभी भी बुनियादी पढ़ने, लिखने और अंकगणितीय कौशल की कमी है। इस मुद्दे को संबोधित करना आर्थिक विकास को बढ़ावा देने, स्वास्थ्य परिणामों में सुधार और सामाजिक और नागरिक भागीदारी बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण है।

## आर्थिक सशक्तीकरण

ग्रामीण भारत में प्रौढ़ शिक्षा को बढ़ावा देने के प्राथमिक कारणों में से एक आर्थिक सशक्तीकरण है। निरक्षरता व्यक्तियों की बेहतर रोजगार के अवसरों तक पहुंचने और उद्यमशीलता गतिविधियों में संलग्न होने की क्षमता को सीमित करती है। अधिकांश ग्रामीण वयस्क अपनी आजीविका के लिए कृषि और पारंपरिक शिल्प पर निर्भर हैं। हालांकि, सीमित साक्षरता और संख्यात्मक कौशल के साथ, वे आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने, बाजार के रुझान को समझने या वित्त को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने के लिए संघर्ष करते हैं। प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रम उन्हें उत्पादकता में सुधार, क्रेडिट सुविधाओं तक पहुंच और वैकल्पिक आय-सृजन गतिविधियों का पता लगाने के लिए आवश्यक कौशल प्रदान कर सकते हैं। यह, बदले में, उच्च घरेलू आय और ग्रामीण क्षेत्रों में समग्र आर्थिक विकास का कारण बन सकता है।

## बेहतर स्वास्थ्य और कल्याण

स्वास्थ्य शिक्षा वयस्क शिक्षा का एक महत्वपूर्ण घटक है जो ग्रामीण आबादी की भलाई को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित कर सकता है। ग्रामीण भारत में कई स्वास्थ्य समस्याएं स्वच्छता, पोषण और बीमारी की रोकथाम के बारे में ज्ञान की कमी से उपजी हैं। उदाहरण के लिए, अनपढ़ वयस्क स्वच्छता के महत्व या टीकाकरण के लाभों को नहीं समझ सकते हैं। वयस्क शिक्षा के माध्यम से, व्यक्ति आवश्यक स्वास्थ्य प्रथाओं के बारे में जान सकते हैं, जिससे बीमारियों की घटनाओं में कमी आती है, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य में सुधार होता है और बेहतर पोषण होता है। इसके



अतिरिक्त, शिक्षित वयस्कों को जरूरत पड़ने पर चिकित्सा सहायता लेने और निर्धारित उपचारों का पालन करने की अधिक संभावना होती है, जिससे उनके समुदायों के समग्र स्वास्थ्य परिणामों में वृद्धि होती है।

## सामाजिक और नागरिक भागीदारी

प्रौढ़ शिक्षा सामाजिक और नागरिक भागीदारी को बढ़ावा देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। साक्षरता व्यक्तियों को नागरिकों के रूप में उनके अधिकारों और जिम्मेदारियों के बारे में अधिक जानकारी देने में सक्षम बनाती है। ग्रामीण क्षेत्रों में, जहां पारंपरिक सामाजिक पदानुक्रम और लिंग भूमिकाएं अक्सर प्रबल होती हैं, शिक्षा महिलाओं और निचली जाति के व्यक्तियों सहित हाशिए के समूहों को सशक्त बना सकती है, ताकि वे सामुदायिक निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में अधिक सक्रिय रूप से भाग ले सकें। शिक्षित वयस्कों को स्थानीय शासन में संलग्न होने, उनकी आवश्यकताओं की वकालत करने और अपने समुदायों के विकास में योगदान करने की अधिक संभावना है। यह बढ़ी हुई भागीदारी एक अधिक समावेशी और लोकतांत्रिक समाज को बढ़ावा देती है, जहां विविध आवाजें सुनी जाती हैं और उनका सम्मान किया जाता है।

## निरक्षरता के चक्र को तोड़ना

वयस्कों को शिक्षित करने का गहरा अंतर जनपदीय प्रभाव पड़ता है। माता-पिता की साक्षरता का स्तर उनके बच्चों की शैक्षिक प्राप्ति को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित करता है। ग्रामीण भारत में, कई बच्चे घरेलू और कृषि कार्यों में अपने अनपढ़ माता-पिता का समर्थन करने के लिए स्कूल छोड़ देते हैं। वयस्कों को शिक्षित करके, हम न केवल अपने जीवन को बढ़ाते हैं बल्कि अपने बच्चों की शिक्षा के लिए अधिक अनुकूल वातावरण भी बनाते हैं। साक्षर माता-पिता अपने बच्चों की शिक्षा का समर्थन करने, शिक्षा के महत्व को समझने और उनके लिए बेहतर भविष्य की आकांक्षा करने के लिए बेहतर ढंग से सुसज्जित हैं। यह बदले में, निरक्षरता और गरीबी के चक्र को तोड़ने में मदद करता है जो कई ग्रामीण समुदायों को त्रस्त करता है।

## चुनौतियां और समाधान

स्पष्ट लाभों के बावजूद, ग्रामीण भारत में वयस्क शिक्षा कार्यक्रमों को लागू करना चुनौतियों से भरा है। इनमें बुनियादी ढांचे, प्रशिक्षित शिक्षकों और संसाधनों की कमी शामिल है। इसके अतिरिक्त, वयस्क शिक्षा के प्रति सामाजिक दृष्टिकोण एक बाधा हो सकता है, कई लोग इसे अनावश्यक या अप्रासंगिक मानते हैं। इन चुनौतियों से पार पाने के लिए बहुआयामी दृष्टिकोण की आवश्यकता है।

सबसे पहले, प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने से स्केलेबल और लागत प्रभावी समाधान प्रदान किए जा सकते हैं। मोबाइल फोन, रेडियो और टेलीविजन का उपयोग दूरस्थ क्षेत्रों में शैक्षिक सामग्री पहुंचाने के लिए किया जा सकता है। दूसरा, स्थानीय जरूरतों के अनुरूप सुलभ शिक्षा प्रदान करने के लिए समुदाय-आधारित शिक्षण केंद्र स्थापित किए जा सकते हैं। स्थानीय स्वयंसेवकों को शिक्षकों के रूप में प्रशिक्षित करने से उस अंतर को पाटने में भी मदद मिल सकती है जहां पेशेवर शिक्षक अनुपलब्ध हैं। अंत में, सामुदायिक आउटरीच कार्यक्रमों के माध्यम से वयस्क शिक्षा के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने से सामाजिक दृष्टिकोण को बदलने और ऐसी पहलों के लिए समर्थन जुटाने में मदद मिल सकती है।

हालाकि ऐसा पाया गया है कि भारत के बहुत सारे गांवों में वयस्क महिला और पुरुष दोनों ने ही प्रौढ़ शिक्षा का सहारा ले कर गाँवों के पंचायत प्रधान भी बने हैं और समाज हेतु सशक्त कार्य कर रहे हैं, किन्तु इस क्षेत्र में बहुत कुछ करना बाकी है। ग्रामीण भारत में प्रौढ़ शिक्षा केवल साक्षरता का विषय नहीं है; यह सामाजिक-आर्थिक विकास, स्वास्थ्य सुधार और सामाजिक समानता का एक महत्वपूर्ण चालक है। वयस्क शिक्षा में निवेश करके, हम व्यक्तियों को सशक्त बनाते हैं, समुदायों का उत्थान करते हैं, और अधिक समृद्ध और न्यायसंगत समाज का मार्ग प्रशस्त करते हैं। यह जरूरी है कि नीति निर्माता, शिक्षक और समुदाय वयस्क शिक्षा को प्राथमिकता देने के लिए मिलकर काम करें और यह सुनिश्चित करें कि ग्रामीण भारत में प्रत्येक वयस्क को अपने स्वयं के जीवन और अपने समुदायों को सीखने, बढ़ने और सार्थक योगदान करने का अवसर मिले।

# हाथरस हादसा : कब हमें आएगा भीड़ नियंत्रण करना



आरके सिन्हा

उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले के सिकंदरा राव क्षेत्र में आयोजित एक 'सत्संग' के दौरान भगदड़ में मरने वालों की संख्या सवा सौ से ऊपर पहुंच गई है। जाहिर है, इस दिल दहलाने वाले हादसे से सारा देश ही हतप्रभ और शोकाकुल है। हाथरस में भी मौत का तांडव भगदड़ के कारण ही हुआ। बहुत साफ है कि प्रशासन ने भगदड़ की पुरानी घटनाओं से सबक नहीं लिया और इस कारणवश फिर से मासूमों की जानें चली गई। दो साल पहले 2022 में माता वैष्णो देवी मंदिर में नए साल की रात को हुए हुई भगदड़ की घटना ने भी साबित कर दिया था कि हमें भीड़ नियंत्रण करना नहीं आता। माता के दरबार में पहुंचे श्रद्धालुओं के बीच रात करीब 12 बजे अचानक से जोर-जोर से जयकारे लगने लगे। उसके बाद धक्का-मुक्की शुरू हुई और भगदड़ मच गई। भगदड़ ने भयानक रूप ले लिया। रात करीब दो बजे के आसपास हुए हादसे में 12 तीर्थयात्रियों की मौत हो गई। वहीं एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए।

क्या हाथरस के स्थानीय प्रशासन को पता नहीं था कि सत्संग में भक्तों की भारी भीड़ आएगी और इस कारण से वहां भगदड़ की स्थिति बन सकती है। पर हमारे यहां सरकारी प्रशासन की काहिली के कारण हादसे होना मामूली बात हो गई है। पहले हुए हादसों के बाद हाथरस के हादसे को भी भुला दिया जाएगा। इस बारे में किसी को कोई शक नहीं होना चाहिए। एक बात समझ लें कि बड़े आयोजनों में भीड़ की निकासी की हमेशा बेहतर और वैकल्पिक व्यवस्था होनी चाहिए। इसके साथ ही नागरिकों और भक्तों को भी भीड़भाड़ वाले इलाकों से बचना चाहिए। वे अपनी लापरवाहियों की सारी जिम्मेदारी प्रशासन पर ही तो नहीं डाल सकते। उन्हें सोच-समझकर ही उन आयोजनों में शिरकत करनी चाहिए जहां पर बड़ी तादाद में जनता की उपस्थिति रहने वाली है। हाथरस में हुई दुखद घटना कोई अकेली घटना नहीं है, क्योंकि पिछले कई वर्षों में भारत में धार्मिक सभाओं में भगदड़ के कारण कई मौतें हो चुकी हैं। वैष्णो देवी के अलावा, महाराष्ट्र में 2005 में मंदारदेवी मंदिर में हुई भगदड़ शामिल है, जिसमें 340 से ज़्यादा लोगों की जान गई थी, और 2008 में राजस्थान के चामुंडा देवी



मंदिर में हुई भगदड़, जिसमें कम से कम 250 लोगों की मौत हुई थी। 31 मार्च, 2023 को, इंदौर शहर के एक मंदिर में एक प्राचीन 'बावड़ी' या कुएँ के ऊपर बनाई गई स्लैब 'हवन' कार्यक्रम के दौरान ढहने से कम से कम 36 लोगों की मौत हो गई थी। 14 जुलाई, 2015 को, आंध्र प्रदेश के राजमुंदरी में 'पुष्करम' त्योहार के पहले दिन गोदावरी नदी के किनारे एक बड़े स्नान स्थल पर भारी भीड़ जमा होने के कारण भगदड़ मच गई थी, जिसमें सत्ताइस तीर्थयात्री मारे गए थे और 20 अन्य घायल हो गए थे।

मुझे लगता है कि आजाद भारत की सबसे भयानक भगदड़ की घटना 1954 में प्रयागराज में चल रहे कुंभ मेले में हुई थी। उसमें सैकड़ों लोगों की जानें गईं थीं। प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू के स्नान के लिए रोकी गयी भीड़ में मची भगदड़ के कारण यह दुर्घटना हुई थी। जांच की रिपोर्ट में आया था कि नेहरु ने अखाड़ों के स्नान से पहले स्नान करने का फैसला किया। इससे साधु खफा हो गए थे। इसी से वहां हंगामा हो गया। वहां मौजूद हाथी भी भड़क गए। उन्होंने भी दर्जनों लोगों को कुचल डाला। लेकिन इस बात को दबा दिया गया थाक ऐसा ही हादसा हरिद्वार के कुम्भ में नब्बे के दशक में भी हुआ जब उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री और वीर बहादुर सिंह के स्नान के लिये भीड़ को रोका गया था।

यह भी सच है कि भगदड़ कभी-कभी कुछ शातिर किस्म के तत्वों की घटिया हरकतों के कारण भी हो जाती हैं। धार्मिक स्थलों की मर्यादा की अनदेखी करते हुए वहां कुछ टुच्चे लोग घटिया हरकतें करने लगते हैं। दरअसल, मेलों और मंदिरों जैसे स्थानों पर मानवता के दुश्मनों की गिद्ध दृष्टि रहती है। इनके इरादों को निरस्त करना ही होता है। पिछले प्रयाग कुंभ के समय उत्तर प्रदेश सरकार ने मेले में तैनात होने वाले पुलिसकर्मियों को नेशनल सिक्योरिटी गार्ड्स यानी एनएसजी और सेना से ट्रेनिंग दिलवाई थी। ये भीड़ में ही घुसे रहे थे और पलक झपकते ही शरारती लोगों का काम तमाम करने में सक्षम थे। उसी तरफ की व्यवस्था धार्मिक आयोजनों में स्थायी रूप से रहनी चाहिए। याद रखें कि भीड़ वाली जगहों में किसी नेता, अभिनेता या लोकप्रिय शख्सियत के आने से भगदड़ के हालात पैदा हो जाते हैं। भीड़ उग्र और बेकाबू हो जाती हैकइसलिए प्रशासन को बहुत चौकस रहना चाहिए।

हाथरस हादसे की बात करते हुए मुझे यह भी कहने दें कि इस तरह के हादसे तब ही रूकेंगे जब हमारे प्रशासन की तैयारियां ठोस होंगी। वर्ना तो कुछ दिनों के शोर तथा मृतकों/घायलों के परिजनों को मुआवजा देने के बाद फिर से पहले की तरह से सब कुछ चलने लगेगा। हाथरस में हुए आयोजन का प्रबंधन देखने वाले अफसरों से पूछा जाना चाहिए कि उन्होंने किस तरह की तैयारियां की थीं। उन अफसरों पर चाबुक भी चले जो अपने दायित्वों का निर्वाह करने से चूक गए।

हालांकि यह कहना सही नहीं होगा कि भीड़ के काबू से बाहर होने के कारण हादसे भारत में ही होते हैं। मक्का में 2015 में भगदड़ में 850 से ज्यादा हाजी अपनी जान गंवा बैठे थे। ये पूरी दुनिया के विभिन्न देशों से वहां पर हज के लिए पहुंचे थे।सऊदी अरब की मक्का मस्जिद के पास मीना में शैतान को पत्थर मारने की रस्म अदाएगी के बीच भगगड़ मची। इसी तरह से 2004 और फिर 2006 में शैतान को मारने की होड़ में सैकड़ों लोग रौंदे गए थे। अगर बात दुनियाभर की हो तो म्युजिक कंसर्ट से लेकर फुटबॉल के मैदान में भी भीड़ के बेकाबू होने के कारण बड़े हादसे होते रहे हैं। चीन के शंघाई शहर के एक बड़े डिस्को में अचानक आग लगने से सैकड़ों लोग मारे गये थे।

एक बार जान लें कि अगर प्रशासन की तैयारियां सही हों तो भीड़ के बेकाबू होने की घटनाएं रोकी जा सकती हैं। देखिए हम सत्संग या धार्मिक आयोजनों पर रोक तो नहीं लगा सकते। यह तो होते रहेंगे। हां, यह जरूरी सुनिश्चित किया जा सकता है कि भीड़ को नियंत्रण करने के बेहतर उपाय हो जाएं। तब हम मासूम लोगों की जान बचा पाने में सफल हो जाएंगे। आपदा प्रबंधन संस्थानों को चाहिये कि वे पूरे देश मेमन पंचायत स्टार तक भीड़ नियंत्रण की तकनीक का प्रशिक्षण दें।

**(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं।)**

# सांस्कृतिक जागरण और लक्ष्मीबाई केलकर



रमेश शर्मा

भारतीय स्वाधीनता संघर्ष की सफलता में उस भावना की भूमिका महत्वपूर्ण है जिसने समाज में स्वत्व का बोध कराया। यदि हम केवल आधुनिक संघर्ष का ही स्मरण करें तो हम पाएंगे कि आर्य समाज के संस्थापक स्वामी दयानंद सरस्वती से लेकर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के संस्थापक डॉ. केशव हेडगेवार तक ऐसी असंख्य हुतात्मा हुई हैं जिन्होंने दोहरा संघर्ष किया। एक तो स्वयं सीधा संघर्ष किया और संघर्ष के लिए स्वाधीनता सेनानी भी तैयार किए और दूसरा समाज में स्वत्व और सांस्कृतिक जागरण का अभियान चलाया। लक्ष्मी बाई केलकर ऐसी ही एक महाविभूति थीं, जिनका पूरा जीवन भारत राष्ट्र, समाज और सांस्कृतिक जागरण के लिए समर्पित रहा। लक्ष्मी बाई केलकर का जन्म 06 जुलाई 1905 को नागपुर में हुआ था। उनके पिता दातेजी लोकमान्य तिलक के अनुयायी थे। इस नाते परिवार में राष्ट्र और सांस्कृतिक जागरण का वातावरण था। लक्ष्मीबाई इसी के बीच बड़ी हुई । उनके बचपन का नाम कमल दाते था लेकिन विवाह के बाद वे लक्ष्मी बाई केलकर बनीं और वर्धा आ गईं। उनका विवाह चौदह वर्ष की आयु में विदर्भ के सुप्रसिद्ध अधिवक्ता पुरुषोत्तम राव केलकर से हुआ था। पुरुषोत्तम जी विदुर थे यह उनका दूसरा विवाह था। दोनों की आयु में अंतर भी था, लक्ष्मी बाई की आयु भले अभी कम थी पर वे मानसिक और बौद्धिक रूप से परिपक्वहो रहीं थीं। विवाह के बाद उन्होंने अपनी शिक्षा भी जारी रखी और पति के साथ समाजसेवा के कार्यों में भी सहभागी बनीं।

यह वह कालखंड था जब स्वाधीनता के लिए अहिसंक आंदोलन पूरे देश में प्रभावी हो रहा था। यह संयोग ही था कि लक्ष्मी बाई के मायके का दाते परिवार और ससुराल का केलकर परिवार दोनों इन गतिविधियों में बढ़-चढ़ कर हिस्सा ले रहे थे। पूरा विदर्भ मानो इन अभियानों का हिस्सा था। यही कारण था कि 1923 के झंडा सत्याग्रह का सर्वाधिक प्रभाव पुणे से लेकर विदर्भ तक रहा। यह इस आंदोलन की व्यापकता का ही प्रभाव था कि आगे चलकर गांधी जी ने नागपुर के समीप वर्धा को अपना एक प्रमुख केन्द्र बनाया। अधिवक्ता पुरुषोत्तम राव केलकर अपनी पत्नी लक्ष्मी बाई के साथ इन सभी गतिविधियों में हिस्सा लेते।

गांधी जी और तत्कालीन आंदोलनों का कितना प्रभाव इस परिवार पर था इसका अनुमान इस बात से ही लगाया जा सकता है कि लक्ष्मी बाई ने अपने घर में एक चरखा केन्द्र स्थापित कर लिया था। वे सामाजिक जागरण के लिए तीन काम करतीं थीं। एक तो महिलाओं में चरखे के माध्यम से स्वदेशी और आत्मनिर्भरता की प्रेरणा देतीं, दूसरा भारतीय वाङ्मय के उदाहरणों से सामाजिक समरसता का वातावरण बनातीं थीं। इसके लिए उन्होंने अपने घर में अनुसूचित समाज के बंधुओ को सहयोगी के रूप जोड़ा हुआ था। और तीसरा राम चरित्र मानस के प्रवचन से सांस्कृतिक एवं सामाजिक मूल्यों की स्थापना। वे मानतीं थीं कि राष्ट्र की स्वायत्तता ही सर्वोपरि है। एक बार जब गांधी जी ने एक सभा में दान की आह्वान किया तो उसी क्षण लक्ष्मीबाई ने अपने गले से सोने की चंन उतारकर गांधी जी को समर्पित कर दी थी।

उनका वैवाहिक जीवन अधिक न चल सका। वे अभी मात्र 27 वर्ष की थीं कि 1932 मे पति का देहान्त हो गया। उनके पास दोहरा दायित्व आ



गया। परिवार में एक विधवा ननद भी रहतीं थीं। लक्ष्मी बाई ने अपने बच्चों के साथ उन्हें भी सहेजा। लक्ष्मीबाई ने अपनी आवश्यकताएं सीमित कीं पर न बच्चों का शिक्षण रोका न अपनी सामाजिक गतिविधियां कम कीं। उन्होंने अपने घर का कुछ हिस्सा किराये पर उठाया इससे भी कुछ लाभ हुआ। अपनी सामाजिक सक्रियता के चलते वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डॉ. हेडगेवार जी के संपर्क में आईं। उन्होंने नमक सत्याग्रह में भी भाग हिस्सा लिया किंतु डॉ. हेडगेवार की सलाह पर जेल नहीं गईं और बाहर रहकर सामाजिक जागरण एवं स्वतंत्रता आंदोलन के लिए टोली तैयार करने का काम जारी रखा जो पति की मृत्यु के बाद और तेज हुआ। उनके द्वारा तैयार टोलियों ने विदर्भ में चलने वाले हर आंदोलन में हिस्सा लिया। महिलाएं कीर्तन करते हुए प्रभात फेरी निकालतीं चरखा और खादी का संदेश देती थीं। उन्होंने राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के संस्थापक डॉ. हेडगेवार की सलाह पर वर्धा में 1936 में स्त्रियों के लिए "राष्ट्र सेविका समिति" नामक संगठन की नींव रखी। इसके लिये भारत भर की यात्रा की और संगठन के कार्य को विस्तार दिया।

1945 में राष्ट्र सेविका समिति का पहला राष्ट्रीय सम्मेलन हुआ। यह वह समय था जब देश के विभाजन वादी शक्तियां प्रबल हो रहीं थीं। अंग्रेजी सरकार का उन्हें संरक्षण था इस नाते उनकी हिंसक गतिविधियां बढ़ गई थीं। विशेषकर बंगाल पंजाब और सिंध में हिन्दू समाज की महिलाओं में एक भय का वातावरण बनने लगा था। लक्ष्मी बाई केलकर ने अपने संगठन के माध्यम में महिलाओं में संगठित रहने और आत्म विश्वास जगाने का अभियान चलाया देश की स्वतंत्रता एवं विभाजन से समय वे सिंध में थीं। उन्होंने हिन्दू परिवारों को भारतीय सीमा में सुरक्षित पहुंचने के प्रबन्ध किए। उन्होंने महिलाओं में जाग्रति के लिये बाल मन्दिर, भजन मण्डली, योगाभ्यास केन्द्र, बालिका छात्रावास आदि अनेक प्रकल्प प्रारम्भ किए। वे रामचरित मानस पर बहुत सुन्दर प्रवचन देतीं थीं। जिनमें संतान के निर्माण, परिवार के निर्माण, समाज के निर्माण और सामाजिक एकत्व का संदेश होता था। वे आजीवन राष्ट्र और समाज की सेवा में लगीं रहीं। वे शरीर से भले 27 नवम्बर 1978 को नश्वर शरीर छोड़कर संसार से विदा हुईं पर उनकी आभा आज भी समाज में प्रतिबिंबित हो रही है। उनके द्वारा गठित राष्ट्र सेविका समिति राष्ट्र निर्माण में नारी शक्ति जागरण का प्रतीक बन गई। जो समाज में संस्कार और पारिवारिक विमर्श का वातावरण बना रही है। उनका संकल्प आज बृहद और वैश्विक रूप ले रहा है। उनका संकल्प और विचार राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी छाप छोड़ रहे हैं। यह भारत के इतिहास में स्त्रीशक्ति जागरण और सशक्तिकरण की बड़ी घटना थी। लक्ष्मी बाई केलकर ने महिलाओं को अनुशासित सेविका बनाने के लिए प्रशिक्षण अभियान आरंभ कर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सिद्धांत, विचार एवं उद्देश्य के आधार पर नारी शाखा आरंभ की थी। वर्तमान में भारतवर्ष में राष्ट्र सेवा समिति की लगभग पांच हजार से अधिक शाखाएं संचालित हो रहीं हैं।

समिति का कार्य अपने ध्येय-सूत्र के साथ अल्प समय में ही प्रभावशाली उपलब्धियां अर्जित करने लगा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की भांति राष्ट्र सेविका समिति के भी प्रतिवर्ष मई-जून में सामान्यतः पंद्रह दिनों के प्रथम वर्ष, द्वितीय वर्ष और तृतीय वर्ष के प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जाते हैं। इन शिविरों में बौद्धिक, शारीरिक और आत्म-रक्षा का प्रशिक्षण दिया जाता है। यह शिविर नागपुर तथा अन्य स्थानों पर आयोजित किए जाते हैं। जिस प्रकार संघ का अपना गणवेश है, उसी प्रकार समिति का भी अपना एक गणवेश है। जैसे संघ में प्रचारक होते हैं, वैसे ही समिति में भी प्रचारिकाएं होती हैं। वर्तमान में अड़तालीस प्रचारिकाएं भारतवर्ष के विभिन्न भागों में सेवा प्रदान कर रही हैं। समिति में एक प्रावधान लघु अवधि की पूर्णकालिक कार्यकर्ता का भी है, जिन्हें विस्तारिका कहा जाता है। यह दो वर्ष की समयावधि के लिए होता है. जिसमे स्वयंसेविका अपना पूरा समय समिति के कार्य के लिए समर्पित करती हैं। लक्ष्मी बाई केलकर ने अपने व्याख्यान में कई अवसर पर कहा है कि महिला, परिवार और राष्ट्र के लिए प्रेरक शक्ति के रूप में कार्य करती है। जब तक शक्ति को जागृत नहीं किया जाता तब तक परिवार समाज और राष्ट्र जाग्रत नहीं होगा। उनके द्वारा दिखाया गया मार्ग और आह्वान आज भी अनुकरणीय है। अब समिति द्वारा बहुमुखी कार्य भी किए जा रहे हैं। समिति के अनेक सेवा प्रकल्प प्रारंभ किए हैं, जिनमें छात्रावास, चिकित्सालय, उद्योग, भजन मंडल आदि हैं। राष्ट्र सेविका समिति का कार्य केवल भारत में ही नहीं अपितु विश्व के कई देशों में फैला हुआ है। ब्रिटेन, अमेरिका, मलेशिया, डर्बन, जर्मनी, दक्षिण अफ्रीका में भी समिति की स्वयंसेविका सक्रिय हैं। लक्ष्मी बाई केलकर का व्यक्तित्व और कृतित्व भारत में प्रत्येक परिवार और विशेष कर नारी शक्ति की क्षमता मेधा और प्रज्ञा शक्ति का एक अनुकरणीय उदाहरण है। यह सदैव स्मरणीय और वंदनीय है।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

## न्यूट अपडेट

## नगरीय विकास मंत्री ने जेडीए अधिकारियों को दिया आवश्यक दिशा-निर्देश



**लगातार हो रही वर्षा से उत्पन्न समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए अधिकारियों को दिए आदेश**

**निर्देशों की पालना में जेडीए अधिकारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में मौजूद रहते हुए समस्याओं का कर रहे त्वरित निस्तारण**

**चमकता राजस्थान, जयपुर (खलील कुरैशी)**! नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने गत दो दिनों से हो रही वर्षा से उत्पन्न समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए जेडीए अधिकारियों को निर्देश दिये। उन्होंने अधिकारियों को आगामी दिनों में होने वाली वर्षा को दृष्टिगत रखते हुए संसाधनों की पर्याप्त व्यवस्था रखने के साथ-साथ अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमण कर वर्षाजनित समस्याओं के तुरन्त निस्तारण के निर्देश दिये। मंत्री ने जेडीए अधिकारियों को क्षेत्र में कार्यरत अन्य एजेंसियों - एन.एच.ए.आई., नगर निगम ग्रेटर एवं हैरिटेज जयपुर, राजस्थान आवासन मण्डल एवं रीको से उचित समन्वय बनाये रखने एवं संपर्क में रहने के निर्देश दिये, जिससे वर्षाजनित समस्याओं का तत्काल निस्तारण संभव हो सकेगा। निर्देशानुसार जेडीए के संबंधित अधिकारियों द्वारा अतिवृष्टि की वजह से जयपुर शहर में विभिन्न स्थानों पर हुई क्षति के क्रम में वर्षाजनित समस्याओं का तत्काल निस्तारण किया जा रहा है।

## पति पत्नी का कुएं में मिला शव

**चमकता राजस्थान, जयपुर।** भीलवाड़ा जिले के शंभूगढ़ थाना क्षेत्र के बख्तावरपुरा गांव में एक दंपती लापता हो गया बाद में दोनों के शव गांव के पास ही कुएं में उतराता मिले. सूचना मिलते ही शंभूगढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और एनडीआरएफ की मदद से दोनों के शव निकलवा कर पोस्टमार्टम करवाया। शंभूगढ़ थाना प्रभारी रविन्द्र सिंह ने बताया कि क्षेत्र के बख्तावरपुरा गांव में रहने वाले जयदेव गुर्जर और उसकी पत्नी पार्वती गुर्जर अपने खेत पर काम कर रहे थे. बाद उनका भाई जब खेत पर पहुंचा तो दोनों पति-पत्नी खेत पर दिखाई नहीं दिए. आसपास तलाश करने के बाद शंभूगढ़ थाने में दोनों की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने उनके मोबाइल की लोकेशन के आधार पर जांच की तो गांव के पास ही मेघवंशी समाज के कुएं की लोकेशन आई. पुलिस मौके पर पहुंची तो कुएं के पास दोनों पति-पत्नी के चप्पल व कुछ कपड़े पड़े थे कुएं में दोनों के शव भी नजर आए पुलिस ने एनडीआरएफ की टीम को मौके पर बुलाया और पति-पत्नी के शव कुएं से बाहर निकाल कर आसींद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भिजवाए. वहां से पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिए गए. मृतक दोनों पति-पत्नी का नाता विवाह लगभग 5 से 6 माह पहले ही हुआ था. इसके बावजूद दोनों ने आत्महत्या क्यों की? पुलिस इस बारे में जांच में जुटी है।

## कांग्रेस की अनुशासन समिति की बैठक आज

**चमकता राजस्थान, जयपुर।** राजस्थान में बीते साल विधानसभा और इस साल लोकसभा का चुनाव हुआ है वहीं, चुनाव से निपटने के बाद अब विपक्षी दल कांग्रेस में ब्लॉक-मंडल से लेकर प्रदेश स्तर तक बड़े पैमाने पर अनुशासन का डंडा चलने के संकेत मिल रहे हैं. हालांकि, पिछले दिनों पार्टी के प्रदेश नेतृत्व ने 27 ब्लॉक और मंडल कार्यकारिणियों को भंग कर कड़ा संदेश दिया था. अब एक बार फिर ब्लॉक-मंडल, जिला और प्रदेश स्तर तक निष्क्रिय और पार्टी लाइन से हटकर काम करने वाले पदाधिकारियों पर कड़े एक्शन के संकेत मिल रहे हैं। दरअसल, प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अनुशासन समिति की बैठक 6 जुलाई (शनिवार) को सुबह 11 बजे प्रदेश पार्टी मुख्यालय में होगी, जिसकी अध्यक्षता अनुशासन समिति के अध्यक्ष व पूर्व मंत्री उदयलाल आंजना करेंगे। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव व प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि पीसीसी को अनुशासन भंग करने की बड़ी संख्या में शिकायतें मिली हैं. अनुशासन समिति की बैठक में ऐसे मामलों और शिकायतों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी और इन मामलों में सभी पक्षों की सुनवाई भी की जाएगी। अनुशासन समिति सभी शिकायतों पर सुनवाई कर अपनी रिपोर्ट पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा को भेजेगी. इस रिपोर्ट और अनुशासन समिति की अनुशंसा पर आगे कार्रवाई की जाएगी. उन्होंने बताया कि बैठक में अनुशासन समिति की को-चेयरमैन और पूर्व मंत्री शकुंतला रावत, संयोजक हाकम अली और सदस्य विनोद गोठवाल भी शामिल होंगे।

## बीकानेर की जिला कलेक्टर ने कोलायत क्षेत्र का दौरा किया

**चमकता राजस्थान, बीकानेर।** राजस्थान में बीकानेर की जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि गुरुवार को कोलायत क्षेत्र के दौरा किया। उन्होंने उपखंड अधिकारी और तहसील कार्यालय, पंचायत समिति, पुलिस थाना और उप कोष कार्यालय का निरीक्षण कर उप जिला अस्पताल का ट्रोमा सेंटर देखा। अस्पताल में सोनोग्राफी मशीन होने लेकिन सोनोलॉजिस्ट नियुक्त नहीं होने के मद्देनजर उन्होंने सीएमएचओ को निर्देश दिए कि सप्ताह में एक दिन यहां सोनोलॉजिस्ट की व्यवस्था की जाए। आयुष चिकित्सकों को भी शिफ्ट करने के लिए कहा। उन्होंने दवाओं की उपलब्धता, ओपीडी, आईपीडी और जांचों की स्थिति के बारे में जाना। कार्यालयों के निरीक्षण के दौरान लोगों की वेदनाओं को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने व नियमित जनसुनवाई और दौरे करने, कार्यालयों में साफ-सफाई, पत्रावलियां दुरुस्त रखने तथा अनुपयोगी सामान के निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कपिल सरोवर का भी अवलोकन किया। यहां पीडब्ल्यूडी द्वारा करवाए जा रहे कार्यों को देखा। कपिल मुनि मंदिर के दर्शन करते हुए इसके ऐतिहासिक परिपेक्ष्य की जानकारी ली। उन्होंने चक बीठनोक और सरह बिकोलाई में मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान 2.0 के तहत पूर्ण और प्रगतिरत कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि प्रगतिरत कार्य समय पर पूरे हों तथा गुणवत्ता के मापदंडों की समुचित पालना हो। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और विभिन्न ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों से योजनाओं, कार्यक्रमों और उपलब्धियों से संबंधित फीडबैक लिया। इस दौरान जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सोहन लाल, उपखंड अधिकारी राजेंद्र कुमार, विकास अधिकारी वीरपाल सिंह, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश गुप्ता, पीडब्ल्यूडी के सहायक अभियंता सीपी बोहरा, जलग्रहण के अभियंता महेश वर्मा आदि उनके साथ रहे।

## पूर्व मंत्री डॉ सुभाष गर्ग के पिता का 93 साल में निधन

**चमकता राजस्थान, भरतपुर।** राजस्थान के पूर्व मंत्री और भरतपुर से राष्ट्रीय लोकदल विधायक डॉ सुभाष गर्ग के पिता प्रभुदयाल गर्ग का 93 साल में शुक्रवार को जयपुर में आकस्मिक निधन हो गया। उन्होंने तड़के करीब 3.30 बजे जयपुर में एक निजी अस्पताल में अंतिम सांस ली। उनका अंतिम संस्कार आज ही किया जाएगा। पारिवारिक सूत्रों ने बताया कि डॉ सुभाष गर्ग अपने पिता की पार्थिव देह के साथ आज सुबह भरतपुर रवाना हो गए।

### जलदाय विभाग की अभिनव पहल जल संग्रहण व संरक्षण पर राज्य स्तरीय सेमिनार आयोजित

# प्रदेश भर में एक ही दिन लगाए एक लाख पौधे

**चमकता राजस्थान**

**जयपुर (खलील कुरैशी)।** प्रदेश में जल संरक्षण और हरियाली क्षेत्र को बढ़ाने के उद्देशय से जलदाय मंत्री कन्हैया लाल के निर्देशन में जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग ने अभिनव पहल करते हुए पूरे प्रदेश में एक लाख पौधे लगाने का अभियान शुरू किया। जलदाय मंत्री ने जल भवन में पौधारोपण कर इस अभियान की शुरुआत की और जल भवन में 500 पौधे लगाए गए। अभियान के शुभारंभ पर जलदाय मंत्री ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पेड़ों को बचाना जरूरी है। जहां पेड़ बचाए जाते हैं वहां प्रकृति सुरक्षित हो जाती है। उन्होंने कहा कि इस अभियान के तहत हमने प्रदेश भर में जलदाय विभाग के सभी कार्यालयों, संस्थाओं, पंप हाउसों में एक ही दिन में एक लाख पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि अत्यधिक जल दोहन, जल की बढ़ती मांग और भूजल के कम रिचार्ज होने के कारण राजस्थान के कई क्षेत्र डार्क जोन में सम्मिलित हो गए हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में सबसे बड़ा संकट जल का होगा और जल को बचाने के प्रयास हमें से करने होंगे कन्हैयालाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक पेड़ मां के नाम अभियान को सफल बनाने का आ''ान करते हुए कहा कि हम पेड़ लगाएं और उसे बचाने की जिम्मेदारी भी लें। जलदाय मंत्री ने इस बार पड़ी भीषण गर्मी के दौरान प्रदेश भर में पानी की सुचारू सप्लाई, अवैध कनेक्शन काटने और पानी के उचित वितरण के लिए अपने विभाग के अधिकारियों, इंजीनियरों, कर्मचारियों का धन्यवाद दिया।इस दौरान जलदाय मंत्री ने एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के सहयोग से नीर निधि निर्माण के तहत जल भवन में वेस्ट वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का शिलान्यास भी किया। एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के फाउंडर, एमडी और सीईओ संजय अग्रवाल ने वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट के जरिए जल संरक्षण के '4 आर' रीड्यूस, रीयूज, रीसायकल और रीप्लेनिश का उद्देशय बताया। उल्लेखनीय है कि पीएचईडी विभाग की ये पहल न सिर्फ वेस्ट वाटर की बर्बादी को काफी कम करेगी बल्कि ग्रीन स्पेस का निर्माण भी करेगी।



**➲ जलदाय मंत्री ने किया शुभारंभ, जल भवन में लगाए 500 पौधे**

**जल संग्रहण व संरक्षण पर राज्य स्तरीय सेमिनार**

शासन सचिव जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी डॉ समित शर्मा ने प्रदेश में गिरते भूजल स्तर का उदाहरण देते हुए बताया कि यदि भूमि में 100 लीटर पानी जाता है तो 148 लीटर का दोहन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसके लिए बड़े पार्कों, होटल, मैरिज गार्डन, हॉस्पिटल और भवनों को राजस्थान सरकार की टाउनशिप पॉलिसी के तहत वर्षा जल संग्रहण और वेस्ट वाटर ट्रीटमेंट के नियमों का पालन करना चाहिए, जिससे 50 प्रतिशत से अधिक पानी का पुनः उपयोग किया जा सके। इस अवसर पर राज्य में गिरती हुई भूजल स्तर पेयजल गुणवत्ता, जल सुरक्षा, जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन और वृक्षारोपण कार्यों की राज्य स्तरीय कार्य योजना तैयार करने के लिए जल भवन के कांफ्रेंस हॉल में एक दिवसीय राज्य स्तरीय सेमिनार का भी आयोजन किया गया। सेमिनार में राजस्थान में जल के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली स्वयंसेवी संस्थाओं के करीब 70 से अधिक प्रतिनिधियों में भी भाग लिया। सेमिनार में मुख्य वक्ता के रूप में पद्मश्री लक्ष्मण सिंह लापोड़िया, पद्मश्री हिमताराम नागौर एवं अन्य विषय विशेषज्ञों ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में जलदाय मंत्री ने सभी को जल बचाने की ''जल शपथ'' भी दिलवाई। कार्यक्रम में जल जीवन मिशन के मिशन निदेशक बचनेश अग्रवाल, संयुक्त शासन सचिव प्रथम प्रवीण लेखरा सहित मुख्य अभियंता, अतिरिक्त मुख्य अभियंता, विभाग के अधिकारी, कर्मचारी, स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधिगण मौजूद रहे।




## जयपुर विकास प्राधिकरण ने व्यास की मोरी खेताका की ढाणी से बिलुनिया की ढाणी तक किये गये अतिक्रमणों को हटाया

**चमकता राजस्थान**

**जयपुर (खलील कुरैशी)।** प्रवर्तन प्रकोष्ठ द्वारा जोन-10 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित दिल्ली रोड़ पर नई माता मंदिर के सामने आमेर वार्ड नं. 4 व्यास की मोरी खेताका की ढ़ाणी से बिलुनिया की ढ़ाणी तक पाये गए अतिक्रमणों के सम्बंध में उपायुक्त जोन कार्यालय में अतिक्रमण प्रोफार्मा रिपोर्ट प्राप्त कर पूर्व के धारा 72 जेडीए एक्ट के तहत नोटिस जारी कर अतिक्रमण हटाये गये थे। प्रकरण में शेष रहे अतिक्रमणों टीनशैड, लेटबाथ, बाउण्ड्रीवाल, चबुतरे, पत्थर, मलबा इत्यादि को सक्षम स्तर से स्वीकृति प्राप्त कर दिनांकः 05.07.2024 को जोन-10 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से हटवाया गया।उक्त कार्यवाही उप नियंत्रक प्रवर्तन-तृतीय, प्रवर्तन अधिकारी जोन-10, 14 तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई।



## मनसा कॉलेज की छात्रा को दीक्षांत समारोह में मिला स्वर्ण पदक



**चमकता राजस्थान, उदयपुरवाटी (सुमेर सिंह राव)।** स्थानीय श्री मनसा कन्या पीजी महाविद्यालय में सत्र 2021 की छात्रा सुमन पुत्री वेद प्रकाश निवासी इंद्रपुरा को शेखावाटी विश्वविद्यालय में हुए चतुर्थ दीक्षांत समारोह है में राज्यपाल कलराज मिश्र के द्वारा स्वर्ण पदक व उपाधि देकर सम्मानित किया गया। महाविद्यालय सचिव डॉ. कमल सिखवाल, निदेशक डॉ. ज्योत्सना सिखवाल, प्राचार्या डॉ. भावना शर्मा व समस्त स्टाफ ने छात्रा व परिवारजनों को शुभकामनाएं देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामनाएं की।

## नाबालिग से रेप एवं अश्लील फोटो वायरल करने का आरोपी गिरफ्तार

**चमकता राजस्थान**



**जयपुर/दौसा (खलील कुरैशी)।** दौसा में एक सप्ताह पहले थाना बांदीकुई क्षेत्र की एक नाबालिग के साथ दुष्कर्म कर अश्लील फोटो व वीडियो वायरल करने के मामले में थाना पुलिस की टीम ने मुख्य आरोपी अजय कुमार सेन पुत्र देवी साहब (26) निवासी पीलवालों की ढाणी नंदेरा थाना बांदीकुई को गिरफ्तार कर लिया है। एसपी रंजीता शर्मा ने बताया कि 26 जून को नाबालिग के परिजनों द्वारा थाना बांदीकुई पर रिपोर्ट दी गई कि घर में सो रही उनकी नाबालिग बेटी के साथ आरोपी ने डरा धमका कर जबरन दुष्कर्म किया और फोटो व वीडियो वायरल कर दिए। रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। रिपोर्ट दर्ज होने की सूचना मिलते ही आरोपी फरार हो गया था।एसपी शर्मा ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिनेश अग्रवाल व सीओ रोहिताश देवन्दा के सुपरविजन एवं एसएचओ प्रेमचंद के नेतृत्व में गठित की गई टीम द्वारा आसूचना संकलन एवं तकनीकी सहायता के आधार पर आरोपी को दस्त्ययाब कर पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया।

## आरटीओ ऑफिस की स्पेशल टीम करेगी ओवरलोड डंम्परों पर कार्यवाही : प्रमोद चौधरी



**चमकता राजस्थान, उदयपुरवाटी (सुमेर सिंह राव)।** कस्बे में ओवर लोड डम्परो पर ना के बराबर कार्रवाई होने पर अब उच्च अधिकारियों ने आरटीओ आफिस से स्पेशल टीम लगाई गई है जो की उदयपुरवाटी विधानसभा क्षेत्र की सड़कों पर दौड़ रहे ओवरलोड डंपरों पर ओवर डंम्परो पर कार्रवाई करेंगी आरटीओ सीआई प्रमोद चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि उदयपुरवाटी विधानसभा में सड़कों पर दौड़ रहे ओवर लोड डम्परो पर सख्त कार्रवाई की जायेगी उच्च अधिकारियों के आदेशानुसार यह कार्यवाही जारी रहेगी। आरटीओ सीआई प्रमोद चौधरी ने आगे बताया है कि गुरुवार रात्री को ओवर लोड डम्परो पर कार्रवाई करते हुए एक लाख से अधिक का जुर्माना वसूला गया है। तथा कई डम्परो को जब्त भी किया गया है। सड़कों पर अब ओवर लोड डम्परो पर स्पेशल टीम कार्रवाई करेंगी जिससे की सड़कों होने वाली बड़ी दुर्घटनाओ को रोका जा सकेगा।

### एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय की बड़ी कार्रवाई

# 9 साल पहले गंगापुर सिटी नगर परिषद के चेयरमैन की गोली मारकर हत्या के मुख्य आरोपी को पकड़ा

**चमकता राजस्थान**

**जयपुर (खलील कुरैशी)।** एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय की टीम ने शुक्रवार को एक और बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। साल 2015 में गंगापुर सिटी में नगर परिषद चेयरमैन की घर के बाहर कनपटी पर गोली मारकर हत्या के मामले में घटना के समय से फरार चल रहे मुख्य आरोपी गोविंद जाट पुत्र राधेलाल निवासी गांव रीठोती थाना कुम्हेर (जिला डीग) को थाना सेवर (जिला भरतपुर) इलाके से दस्तयाब किया हैअतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स एवं अपराध दिनेश एमएन ने बताया कि पकड़े गए गंगापुर सिटी जिले के टॉप 10 मोस्ट वान्टेड की सूची में शामिल बदमाश के ऊपर आईजी रेंज भरतपुर द्वारा 35 हजार रुपये का इनाम घोषित किया हुआ है। ये 9 साल पहले गंगापुर सिटी नगर परिषद चेयरमैन डॉ प्रकाश चन्द अग्रवाल हत्या कांड का मुख्य आरोपी है। आरोपी घटना के बाद हरियाणा, दिल्ली, मथुरा क्षेत्र में फरारी काट रहा था।एडीजी एमएन ने बताया कि डीआईजी क्राइम योगेश यादव एवं एडिशनल एसपी एजीटीएफ विद्या प्रकाश के नेतृत्व में एएसआई शैलेंद्र कुमार, हैड कांस्टेबल मदनलाल एवं कांस्टेबल बृजेश कुमार की टीम, आसूचना संकलन कर करीब 4 महीनों से इस पर नजर रखे हुए थी। शुक्रवार को एएसआई शैलेंद्र व कांस्टेबल बृजेश को सूचना मिली कि गोविंद सिंह बयाना से सेवर होते हुए मथुरा की तरफ जाएगा।इस सूचना पर एजीटीएफ ने गंगापुर सिटी एसपी श्री सुजीत शंकर के समन्वय में सेवर थाना इलाके में सरसों अनुसंधान केंद्र के पास घेराबंदी कर गोविंद सिंह को डिटेन कर लिया। जिसे बाद में गंगापुर सिटी से आई टीम को सौंप दिया गया।




**बहुत चर्चित हत्याकांड के आरोपी गोविंद रीठोती पर था 35 हजार रुपए का इनाम घोषित**

**जिले के टॉप 10 मोस्ट वांटेड की सूची में है शामिल**

साल 2015 में घर के बाहर कनपटी पर दो गोली मारकर की गई थी हत्या एमएन ने बताया कि ईदगाह मोड़ गंगापुर सिटी निवासी नगर परिषद चेयरमैन डॉ प्रकाश अग्रवाल 9 जून 2015 की रात घर के बाहर खड़ी कार अंदर कर रहे थे। इतनी देर में बाइक पर दो युवक आए। पीछे बैठे युवक ने कट्टे से डॉ अग्रवाल की कनपटी पर दो फायर कर दिए, जिससे उनकी मौत हो गई।फायर की आवाज सुनकर आस पड़ोसी आए तो दोनों बदमाश बाइक लेकर फरार हो गए। मामले में मुख्य आरोपी गोविंद सिंह रीठोटी सहित पंजाब के मोगा शहर निवासी रणजीत पुत्र सुरजीत सिंह फरार चल रहे थे। इन दोनों पर आईजी रैंज द्वारा 35-35 हजार का इनाम रखा गया।इस संपूर्ण कार्रवाई में एजीटीएफ के एएसआई शैलेंद्र कुमार व कांस्टेबल बृजेश कुमार की विशेष भूमिका एवं हैड कांस्टेबल मदनलाल का तकनीकी सहयोग रहा। इसमें गंगापुर सिटी अपराध शाखा के कांस्टेबल नरेंद्र सिंह व सुरजन सिंह भी शामिल थे

## चैयरमैन रमेश चन्द्र सैनी की अध्यक्षता में हुई लाईसेन्स समिति की बैठक



**चमकता राजस्थान, जयपुर (खलील कुरैशी)।** नगर निगम ग्रेटर जयपुर की लाईसेस समिति की बैठक शुक्रवार को पन्नाधाय सभा कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में समिति द्वारा डेयरी बूथ, मैरिज गार्डन, होटल लाईसेन्स, पान बूथ, सामुदायिक भवन, पार्किंग स्थल एवं अन्य बिन्दुओं के संबंध में चर्चा की गई।लाईसेन्स समिति के चैयरमेन रमेश चन्द्र सैनी की अध्यक्षता में हुई बैठक में समिति के सदस्यों में कविराज सैठी राधेश्याम बोहरा पारस जैन प्रियंका अग्रवाल, सरिता चौधरी, मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी अरविन्द सैनी, सचिव, लाईसेन्स समिति इत्यादि सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।लाईसेन्स समिति के चेयरमैन ने सचिव, लाईसेन्स समिति एवं समस्त जोनों को नवीन आवंटित डेयरी बूथों की स्थापना में आ रही समस्याओं को दूर करने, अवैध पानबूथ एवं मैरिज गार्डनों के खिलाफ कार्यवाही करने एवं पूर्व में स्थापित पानबूथ, मैरिज गार्डन, डेयरी बूथों एवं होटल रेस्टोरेन्ट से समय पर राजस्व अर्जन करने तथा राजस्व वृद्धि करने के दिशा-निर्देश प्रदान करने के साथ-साथ ग्रीन कियोस्क की स्थापना का प्रस्ताव भी बैठक में लिया गया।

# सार्वजनिक निर्माण विभाग में स्थित कैंटीन की फॉल-सीलिंग गिरी

चमकता राजस्थान

जयपुर। सार्वजनिक निर्माण विभाग मुख्यालय अ ब्लॉक के पाँचवी मंज़िल पर स्थित कैंटीन की फॉल-सीलिंग घटिया निर्माण सामग्री काम में लिए जाने के कारण गिर गई,गनीमत रही कि जिस समय फॉल-सीलिंग गिरी वहां पर कोई कर्मचारी नहीं था वर्ना बड़ा हादसा हो सकता था। ऐसे में, निर्माण सामग्री की क्वालिटी को लेकर भी सवाल उठ रहे है ! गौरतलब है कि सार्वजनिक निर्माण विभाग की अपनी बिल्डिंग में और भी कई कमियां हैं जिस कारण कभी भी कोई भी दुर्घटना घटित हो सकती है।



## सार्वजनिक निर्माण विभाग के प्रमुख शासन सचिव प्रवीण गुप्ता करेंगे ग़ैर ज़िम्मेदार अफ़सरों पर कार्रवाई ?

सार्वजनिक निर्माण विभाग के प्रमुख शासन सचिव प्रवीण गुप्ता ने जब से विभाग का कार्यभार संभाला है तब से लगातार वे अफ़सरों की बैठक लेकर कार्यों को सही तरीक़े से अंजाम देने में प्रयासरत है शुक्रवार को उन्होने सचिवालय में मुख्य अभियंताओं की बैठक लेकर सड़क तथा ठल्र से संबंधित कार्यों की समीक्षा की। ग़ौरतलब है कि सार्वजनिक निर्माण विभाग के प्रमुख शासन सचिव प्रवीण गुप्ता ने जिस भी विभाग में कार्य किया है वहाँ उनकी प्रशासनिक कौशल, सार्वजनिक मुद्दों की गहरी समझ और व्यवहारकुशल कार्यशैली उनके पूरे कार्यकाल में प्रमुख विशेषताएं रहीं। आशा है ऐसे अफ़सरों पर लगाम लगाने का कार्य करेंगे।



## ज़िम्मेदार कौन

» सार्वजनिक निर्माण विभाग के कि इस बिल्डिंग की देख रेख अधीक्षण अभियंता वृत्त शहर जयपुर के अधीन आती है,अधीक्षण अभियंता वृत्त शहर जयपुर जिस बिल्डिंग में बैठते हैं उसी में उन्होंने पिछले तीन सालों में करोड़ों रुपये के टेंडर सिर्फ़ बिल्डिंग के रख रखाव ,रंग रोगन के लिए अपने प्रभाव का इस्तेमाल करते हुए अपने पसंदीदा ठेकेदारों को जोब नंबर अलॉट किए, लेकिन बारिश ने उनकी सभी व्यवस्थाओं की पोल खोलकर रख दी है उनके द्वारा कराए गए रंग रोगन पहले से ही ख़राब हो चुके थे अब फॉल्स सीलिंग गिरने और छतों पर पानी चूने से उनकी कार्यशैली पर प्रश्नचिन्ह लग रहा है !

## सिटी डिवीज़न तृतीय में टेंडर डालने से रोका

» शुक्रवार 5जुलाई को हुए टेंडरों में सिटी डिवीज़न तृतीय में प्रभावशाली ठेकेदारों द्वारा दूसरे छोटे ठेकेदारों को टेंडर नहीं डालने देने की शिकायतें प्राप्त हुई है ।टेंडर डालने आये ठेकेदारों ने बताया कि उन्हें टेंडर बॉक्स में टेंडर नहीं डालने दिए जा रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### आगरा मंडल में माह अप्रैल से जून -2024 में बिना उचित कारण अलार्म चेन खीचने (ACP) वाले 759 लोंगो पर कार्यवाही




चमकता राजस्थान

(संवाददाता आगरा ) मंडल रेल प्रबंधक आगरा तेज प्रक्र्श अग्रवाल के दिशा निर्देशन में आगरा मंडल में माह अप्रैल से जून -2024 में बिना उचित कारण अलार्म चेन खीचने (अउढ) वालों के विरुद्ध 759 लोंगो पर कार्यवाही करके 112530/- रूपये जुर्माना वसूला गया` आगरा मण्डल सभी रेल उपयोगकर्ताओं के लिए बेहतर यात्री सुविधाओं को उपलब्ध कराने के क्षेत्र में निरंतर प्रयासरत है इन्ही प्रयासों के क्रम में आगरा मण्डल के वाणिज्य विभाग एवं रेलवे सुरक्षा बल द्वारा बिना उचित कारण के अलार्म चेन खीचने वालों के विरुद्ध निरंतर सघन चेकिंग अभियान चलाये जा रहे है जिसमे माह अप्रैल से जून -2024 में आगरा छावनी रेलवे स्टेशन पर 245, आगरा किला स्टेशन पर 24, मथुरा जंक्शन पर 336, कोसीकलां स्टेशन पर 64 व धौलपुर स्टेशन पर 44 लोंगो पर कार्यवाही कर जुर्माना वसूला गया! रेल प्रशासन अपने सम्मानित यात्रियों से अनुरोध करता है कि बिना उचित एवं प्रर्याप्त कारण के चेन पुलिंग न करें! ऐसा करना दंडनीय अपराध है` उक्त कृत्य से आपके साथी यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

# डोटासरा बोले- किरोड़ीलाल मीणा को बीजेपी ने नहीं दिया सम्मान

## कहा- उनका कद बढ़ा, इस्तीफा वापस नहीं लेंगे

### कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष डोटासरा की पत्नी ने लिया स्वैच्छिक रिटायरमेंट

चमकता राजस्थान

**सीकर ।** कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटसरा ने कहा- बीजेपी में करोड़ीलाल मीणा का सम्मान नहीं हुआ इससे आहत होकर उन्होंने इस्तीफा दिया है। उनको आहत हुई हैं पर्ची वाली सरकार के राज मे राजस्थान में कोई काम नहीं हो रहा। इसे लेकर जनता में भी सरकार के खिलाफ आक्रोश है।पीसीसी चीफ आज जयपुर से सोकर आए थे। उनकी पत्नी सुनीता देवी के स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति समारोह में शामिल होने शिवसिंहपुरा स्थित सीनियर सेकेंडरी स्कूल गए। समारोह के बाद मीडिया से बात करते हुए सरकार पर निशाना साध और किरोड़ी को बीजेपी में सम्मान नहीं मिलने की बात कही।

### राजस्थान में सरकार के खिलाफ जनता में है आक्रोश

डोटासरा ने सरकार को आड़े हाथ पिछले 6-7 महीनों में प्रदेश सरकार लेते हुए कहा- काम नहीं किया है। 5 सीटों पर उपचुनात्र होने वाले हैं भाजपा का कोई नेत इस्तीफा दे रहा है तो कोई बोल रहा है के ब्यूरोक्रेसी हाती है। आज की तारीख में रजस्थान में सरकार नान की कोई चीज नहीं है, सार का सारा काम झगड़े का है। राजस्थन में आज कोई



### शिक्षा मंत्री दें इस्तीफा

» शिक्षा मंत्री मदन दिलावर पर कहा शिक्षा मंत्री का काम होता है कि वह प्रदेश में स्वच्छ एजुकेशन दे, सुसंस्कारित शिक्षा दे लेकिन वह आदिवासी समाज पर टिप्पणी कर रहे हैं। इसके लिए उन्हें माफी मांगनी चाहिए और मुख्यमंत्री को उनसे इस्तीफा लेकर अन्य किसी को विभाग को सौंपना चाहिए।

### कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष डोटासरा की पत्नी ने लिया रिटायरमेंट

पीसीसी चीफ की पत्नी सुनीता देवी ने सरकारी टीचर पद से स्वैच्छिक रेटयरमेंट लिया है। वे शिवॉसहपुरा स्थित सीनियर सेकेंडरी स्कूल में नोस्टेड थी। स्कूल में आज उनका रिटायरमेंट समारोह रखा गया, जिसमें डोटासग पहुंचे थे। समारोह में सुनीता देवी ने कहा कि मेरे पिता भी टीचर थे और ससुर भी टीचर थे। डोटासरा ने भी स्कूल स्टफ का आभार जताया। सुनीता देवी ने जुलई 1989 में टीचर के रूप में सर्विस ज्वॉइन की थो। 2029 में उनका रिटायरमेट होना था लेकिन पारिवारिक कारणों से उन्होंने सेवानिवृत्ति ली।काम हो नहीं रहा, इसे लेकर जनता में भी सरकार के खिलाफ आकोश है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष के रूग में राहुल गांधी ने देश के मुद्दों को रखा है। वही राजस्थान में कांग्रेस पार्टी ने टीकाराम जूली के नेतृत्व में सरकार को घेरने का काम किया है।

### किरोड़ीलाल मीणा का राजनैतिक कद बढ़ा है, उसके अनुसार उन्हें सम्मान नहीं मिला अब इस्तीफा वापस नहीं लेंगे

» किरोड़ीलाल मीणा के इस्तीफे की बात पर बोले– बीजेपी में किरोड़ीलाल मीणा का सम्मान नहीं हुआ। उससे आहत होकर उन्हेंने इस्तीफा देया। जो कद उनका है, वह इस सरकार में मिल नहीं नाया। राजस्थान में पर्चियो से सरकार बन गई। मेरा मानना है कि वह बात के धनी है अब इस्तीफा वापस नहीं लेंगे।

## पंचायत समिति सभागार बसेड़ी में आज संपूर्णता अभियान के शुभारंभ कार्यक्रम का किया आयोजन



**चमकता राजस्थान। धौलपुर( रामदास तरुण)** उपखंड कार्यालय से पंचायत समिति तक रैली का आयोजन किया गया, जिसमें आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहयोगिनी, विद्यार्थी, ब्लॉक स्तरीय अधिकारी मौजूद रहें.. एबीपी फैलो अंकिता भूपारिया ने संपूर्णता अभियान के अंतर्गत लक्षित 6 संकेतकों की विस्तृत जानकारी दी, इससे पूर्व 4 जुलाई को स्वामी विवेकानंद मॉडल स्कूल बसेड़ी में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे संपूर्णता अभियान के संकेतकों पर पोस्टर बनाये गये, कार्यक्रम में उपखंड अधिकारी दिनेश शर्मा प्रधान, शंकर परमार, ब्लॉक विकास अधिकारी बाबू लाल मीणा , ब्लॉक शिक्षा अधिकारी राजेंद्र , रमन कटारा , बीपीएम विजय शर्मा, कृषि सुपरवाईजर रोहित परमार, बीपीएम दिनेश लोढ़ा, एबीपी फेलो अंकिता भुपरिया, गांधी फेलो मिनहाज, एएनएम, आशा, अंगनवाड़ी कार्यकर्ता, स्वयं सहायता समूह की महिलायें व अन्य लोग मौजूद रहे।

## लवेरा विधालय में स्कुल चलो अभियान की पहल



**चमकता राजस्थान। रघुनंदन पारीक श्रीनगर।** ग्राम पंचायत लवेरा में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय और मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन संस्थान की ओर से मिले कर प्रिंसिपल सर राजेन्द्र दीक्षित की अध्यक्षता में स्कूल चलो अभियान के तहत जागरूकता रैली स्कूल से ग्राम पंचायत तक रैली निकाली गई जिसमें शिक्षा को लेकर नारे और स्लोगन के माध्यम से गांव में प्रत्यक बच्चे को स्कूल जाने के लिए जागरूक किया इस रैली में बच्चे , अध्यापक सुमन राजपूत , दिनेश जी और मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन से प्रोजेक्ट ऑफिसर श्रीराम कडेला और वॉलिंटियर पिंकी रेगर और किशोर संदर्भ केंद्र लवेरा में निशुल्क पढ़ने वाले पांचवी से लेकर आठवीं तक के बच्चे उपस्थित रहे और गांव से आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बीमा गुर्जर वॉलिंटियर पिंकी रैगर हेमराज मेघवंशी वार्ड पंच शैतान मेघवंशी आदि गांव से गणमान्य व्यक्ति रैली में मौजूद रहे ।

# शिक्षा की विश्वसनीयता और पार्सगिता के साथ व्यापक स्तर पर हो रहा था खिलवाड़

## थोक के भाव बिक रही थी फर्जी डिग्रियां. दो निजी विश्वविद्यालयों के मालिक गिरफ्तार

चमकता राजस्थान

**जयपुर (खलील कुरैशी)।** पेपर लीक मामलों की जांच कर रही एसओजी ने फर्जी डिग्रियों के मामले में भी बड़ा एक्शन लिया है। पेपर लीक से संबंधित मामलों की जांच के दौरान फर्जी डिग्रियों के कई केस पुलिस के सामने आए थे। डीआईजी परिश देशमुख के नेतृत्व में हुई जांच के बाद एसओजी की टीम ने राजस्थान के दो निजी विश्वविद्यालयों के मालिकों को गिरफ्तार किया है। चूरू जिले में स्थित ओपीजेएस यूनिवर्सिटी के मालिक और संस्थापक जोगेंद्र सिंह और अलवर स्थित सनराइज यूनिवर्सिटी के मालिक/पार्टनर जितेंद्र यादव को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी जितेंद्र यादव एमके विश्वविद्यालय पाटन (गुजरात) यूनिवर्सिटी का मालिक भी है। इन दोनों के साथ एक महिला सरिता कड़वासरा को भी गिरफ्तार किया जो ओपीजेएस यूनिवर्सिटी में 7 साल तक रजिस्ट्रार और चेयरपर्सन रही है। एसओजी के एडीजी वीके सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए तीनों आरोपी हरियाणा के रहने वाले हैं। जोगेंद्र रोहतक के रामगोपाल कॉलोनी का रहने वाला है जबकि सरिता रोहतक के ओमेक्स सिटी की रहने वाली है। तीसरा आरोपी जितेंद्र यादव महेंद्रगढ़ जिले के नारनौल का रहने वाला है।फर्जी तरीके से एडमिशन के लिए कई राज्यों में हैं दलालडीआईजी प-रश देशमुख का कहना है कि गिरफ्तार किया गया आरोपी जितेंद्र यादव पहले रोहतक में स्कूल चलाता था। बाद में यह ओपीजेएस यूनिवर्सिटी में काम करने लगा। यह आरोपी ओपीजेएस में रजिस्ट्रार रह चुका है। देशमुख ने बताया कि ये लोग फर्जी तरीके से एडमिशन कराते हैं।



- पेपर लीक मामले में जुड़ती जा रही हैं कड़ी से कड़ी
- एसओजी ने ओपीजेएस यूनिवर्सिटी और सनराइज यूनिवर्सिटी के संस्थापकों और साझेदारों को धर दबोचा
- फर्जीवाड़े से इतना पैसा कमाया कि शुरू करने जा रहे थे दो और नए विश्वविद्यालय

### आरोपी खोलने जा रहे थे दो और विश्वविद्यालय, बनाया भव्य एवं आधुनिक सुविधाजनक रिसॉर्ट

डीआईजी परिश देशमुख ने बताया कि ओपीजेएस विश्वविद्यालय के संस्थापक और मालिक जोगेन्द्र सिंह बारां जिले के शाहबाद में वैदिक विश्वविद्यालय स्थापित करने जा रहा है जबकि जितेन्द्र यादव बूंदी जिले के लाखेरी में जीत विश्वविद्यालय स्थापित करने जा रहा है। आरोपी जितेंद्र वर्ष 2015 से 2020 तक ओपीजेएस में रजिस्ट्रार रह चुका है। फर्जी डिग्रियों से कराए गए रुपयों से उसने चूरू जिले के रतनगढ़ में एक रिसोर्ट भी बनाया है।दावा किया कि आग में नष्ट हो गए रिकॉर्ड, एसओजी से बोलते रहे झूठएडीजी वीके सिंह का कहना है कि गिरफ्तार की गई आरोपी सरिता कड़वासरा वर्ष 2013 से 2015 तक ओपीजेएस यूनिवर्सिटी में रजिस्ट्रार रहीं। बाद में वर्ष 2015 से 2020 तक वे ओपीजेएस में चेयरपर्सन रही। सरिता के कार्यकाल में खूब फर्जी डिग्रियां बेचे जाने की शिकायतें मिली है। जांच के लिए एसओजी ने जब भी सरिता से यूनिवर्सिटी का रिकॉर्ड मांगा तो वह हर बार यही कहती थी कि वर्ष 2019 में आग लगी थी जिसमें सारा रिकॉर्ड जल गया। जबकि निदेशालय, लोकसेवा आयोग और कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से जब भी दस्तावेज सत्यापन के लिए भेजा जाता है तो उनका सत्यापन किया जाता है। फर्जीवाड़ा छिपाने के लिए वह एसओजी से हमेशा झूठ बोलती रही।बैक डेट में सैकड़ों डिग्रियां की जारी, जानिए कैसे करते थे फर्जीवाड़ा गिरफ्तार किए गए आरोपियों की ओर से बैंक डेट में सैकड़ों की संख्या में फर्जी डिग्रियां जारी की जा चुकी हैं। मान्यता मिलने से पहले ही इन विश्वविद्यालयों की ओर से बीएड और बीपीएड की फर्जी डिग्रियां बनाकर बेच दी गई थी। फर्जी प्रवेश दिखाकर खेल प्रमाण पत्र जारी भी जारी किए जाते थे। एमएससी और एग्रीकल्चर कोर्स की मान्यता नहीं होने के बावजूद कोर्स संचालित किया जा रहा था और डिग्री जारी की जा रही थी। एसओजी के एडीजी वीके सिंह ने बताया कि चूरू की ओपीजेएस यूनिवर्सिटी से बड़ी संख्या में फर्जी डिग्रियां बनाकर बेची हैं।

# बीएसएफ ने सीमा पर पकड़ा 6.86 करोड़ का सोना

**बीएसएफ की 68वीं वाहिनी के जवानों और डीआरआई की संयुक्त टीम ने सीमानगर इलाके में स्टेट हाईवे नंबर 11 पर व्यापक तलाशी अभियान शुरू किया।**



एजेंसी

**कोलकाता ।** बीएसएफ, दक्षिण बंगाल सीमांत के अंतर्गत नदिया जिले में तैनात 68वीं वाहिनी के जवानों ने राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) के साथ मिलकर एक महत्वपूर्ण ऑपरेशन को अंजाम दिया है। इस संयुक्त अभियान के दौरान स्टेट हाईवे नंबर 11 पर सीमानगर इलाके में सिलसिलेवार तलाशी अभियानों में सात तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। इन तस्करों के कब्जे से 9.572 किलो वजन की 16 सोने की ईंटें और एक सोने का बिस्कुट बरामद किया गया। इसके साथ ही 11 लाख 58 हजार 500 रुपये की नकदी और सोने की डिलिवरी में इस्तेमाल की जाने वाली एक मारुति इको कार भी जब्त की गई। जब्त सोने का कुल बाजार मूल्य छह करोड़ 86 लाख 23 हजार 582 रुपये आंका गया है। बीएसएफ की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, यह घटना चार जुलाई की है जब बीएसएफ की खुफिया शाखा को डीआरआई द्वारा सोने की तस्करी की सूचना मिली। सूचना के पुख्ता होने पर बीएसएफ की 68वीं वाहिनी के जवानों और डीआरआई की संयुक्त टीम ने सीमानगर इलाके में स्टेट हाईवे नंबर 11 पर व्यापक तलाशी अभियान शुरू किया। सुबह 5:30 बजे से नौ बजे तक चले इस अभियान में एक संदिग्ध मारुति इको कार से 4.8 किलो सोने के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया। इसके बाद चार अन्य तस्करों को 4.82 किलो सोने के साथ हिरासत में लिया गया। पूछताछ के दौरान मिली जानकारी के आधार पर करीमपुर के रामनगर गांव में एक संदिग्ध घर की तलाशी के दौरान एक व्यक्ति को एक सोने का बिस्किट और 11 लाख 58 हजार 500 रुपये की अवैध नकदी के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार किए गए मुख्य तस्कर की पहचान रफीक मंडल (बदला हुआ नाम) के रूप में हुई है, जो जिला नदिया के तेयपुर का निवासी है। इसके अलावा, छह अन्य गोल्ड कुरियरों की पहचान लाल, रवि, प्रदीप, दाऊद, सीमांतो और बिद्धू (सभी का बदला हुआ नाम) के रूप में की गई है, जो सभी नदिया के निवासी हैं। प्रारंभिक पूछताछ के दौरान, रफीक मंडल ने बताया कि वह काफी दिनों से सोने की तस्करी में लिप्त है और इस बार कृष्णानगर में किसी अज्ञात व्यक्ति को सोने की खेप देने जा रहा था। इसके बदले उसे 3000 रुपये मिलने थे। लेकिन बीएसएफ ने उसे पहले ही सोने के साथ गिरफ्तार कर लिया। इससे पहले, 2022 में भी उसे बीएसएफ ने 16 गोल्ड बिस्कुट के साथ गिरफ्तार किया था और उसका केस अभी भी चल रहा है। सभी गोल्ड कुरियरों ने खुलासा किया कि वे करीमपुर के सीमावर्ती इलाके से सोना लाकर दमदम रेलवे स्टेशन पर किसी अनजान व्यक्ति को सौंपते थे और इसके लिए उन्हें दो से पांच हजार रुपये मिलते थे। पकड़े गए सभी तस्करों और सोने को डीआरआई, कोलकाता को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए सौंप दिया गया है। बीएसएफ, दक्षिण बंगाल सीमांत के जनसंपर्क अधिकारी डीआईजी ए. के. आर्य ने बीएसएफ कर्मियों द्वारा सफल अभियान पर अपनी संतुष्टि व्यक्त की। उन्होंने तस्करी गतिविधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के लिए बीएसएफ की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। उन्होंने सीमावर्ती निवासियों से अपील की कि वे सोने की तस्करी से संबंधित किसी भी जानकारी को बीएसएफ के सीमा साथी हेल्पलाइन नंबर 14419 या व्हाट्सएप मैसेज या वॉयस मैसेज के जरिए 9903472227 पर दें। ठोस जानकारी देने पर उचित इनाम दिया जाएगा और सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

## एक नजर

### पुरुलिया गांव के सरकारी स्कूल में स्मार्ट क्लासरूम की शुरुआत हुई



**कोलकाता।** पुरुलिया के ग्रामीण इलाके के एक सरकारी स्कूल में स्मार्ट क्लासरूम शुरू हुई है। जिला परिषद अध्यक्ष निवेदिता महत और अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट (सामान्य) आदित्य विक्रम हिरानी ने गुरुवार दोपहर पुरुलिया-2 ब्लॉक गेंगारा प्राइमरी स्कूल में स्मार्ट क्लास का उद्घाटन किया। इस अबसर पर विद्यालय के विद्यार्थी, शिक्षक एवं अभिभावक उपस्थित थे। विद्यालय के प्रधान शिक्षक दीपक कुमार चक्रवर्ती ने बताया कि इस स्मार्ट क्लास रूम का कार्य एक बैंक के सीएसआर फंड से कराया गया है। इसके अलावा इस दिन विद्यालय परिसर में शुद्ध पेयजल परियोजना का भी उद्घाटन किया गया।

### जोगबनी से सिलीगुड़ी चलने वाली ट्रेन 7 जुलाई तक रद्द

**अररिया।** जोगबनी से सिलीगुड़ी चलने वाली ट्रेन संख्या 15723 और 15724 को 7 जुलाई तक रद्द कर दी गई है। लगातार हो रही बारिश के कारण सिग्नल एवं टेलीकम्युनिकेशन सिस्टम में आ रही तकनीकी खराबी के मद्देनजर कई ट्रेनों के साथ जोगबनी से सिलीगुड़ी जाने वाली ट्रेनों को रद्द किया गया है। सिग्नल एवं टेलीकम्युनिकेशन सिस्टम में आ रही तकनीकी खराबी के कारण मुख्य लाइन में ट्रेनों के परिचालन पर प्रभाव पड़ रहा है।जिसको लेकर यह निर्णय लिए गया है।डीआरयूसीसी सदस्य बछराज राखेचा ने जानकारी देते हुए सिलीगुड़ी ट्रेन के परिचालन के प्रभावित होने पर वैकल्पिक रास्ते का प्रयोग करने की आमजनों से अपील की।

### समाजसेवी ने ब्लड देकर पीड़ित की बचाई जान

नवादा। समाजसेवियों ने खून देकर बीमार महिला की जान बचायी,जिसकी समाज में सराहना की जा रही है ।नवादा जिले के पकरीबरावां प्रखंड के गुल्ली पंचायत निवासी मो जावेद की पत्नी मुशर्रफ परवीन किडनी की पेशेंट थी । ए नेगेटिव होने की वजह से महिला को ब्लड ग्रुप नहीं मिला रहा था। ऐसे में छत्रपति शिवाजी सेवा संस्थान के सचिव समाजसेवी जितेंद्र प्रताप जीतू से संपर्क करने के बाद संस्था के सदस्य सचिन कुमार छोटू के द्वारा जावेद की पत्नी को ब्लड मिल गया। जिसे सदर अस्पताल में चिकित्सकों की सलाह पर देकर पीड़ित की जान बचाई । मौके पर उपस्थित बजरंग दल के जिला सुरक्षा प्रमुख अनीश सिंह गोरक्षा प्रमुख कौशल यादव ब्लू टेक्नीशियन नरेश कुशवाहा मौजूद रहे।

### फाइनेंसकर्मी से रुपए छीनकर भाग रहे तीन अपराधियो को ग्रामीणों ने पकड़ा

**पूर्वी चंपारण।** फाइनेंसकर्मी से रुपए छीनकर भाग रहे तीन अपराधियो को ग्रामीणो ने पकड़ा।जिसके पास से एक देशी कट्टा व चार कारतूस बरामद किया गया। ग्रामीणो ने तीनो अपराधियो को पेड़ से बांधकर जमकर धुनाई भी की है,जिसका पूरा वीडियो भी सामने आया है। घटना जिले के कल्याणपुर थाना क्षेत्र के शम्भूचक पंचायत के मुसहर टोली के निकट की बतायी गई है। जहां अपराधियो ने एक फाइनेंस कर्मी से तीनो अपराधियों ने पिस्टल दिखाकर 32 हजार 6 सौ 40 रुपये लूटकर भागने लगे। जिसके बाद ग्रामीणों ने तीनों को पकड़ लिया और पेड़ से रस्सी से बांध दिया।जिसकी सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस तीनो को हिरासत में लेकर पूछताछ में जुटी है। इस बाबत राजेपुर थाना क्षेत्र के नरहां पानापुर निवासी पीड़ित आरबीएल फाइनेंस कंपनी के कर्मी सुधीर कुमार भारती ने बताया की समूह का पैसा कलेक्शन कर सिसवा पटना के तरफ से शम्भूचक गांव की तरफ आ रहे थे। इसी दौरान अपाची बाइक पर सवार तीन अपराधियों ने पिस्टल का भय दिखाकर रुपये छीन कर भागने लगे।

### पुलिस ने 6 बालू माफियाओं को किया गिरफ्तार

**नवादा।** नवादा जिले की हिसुआ पुलिस ने भदसेनी के निकट इलाके से फजीर्वाड़े कर भारी मात्रा में बालू के अवैध कारोबार के आरोप में छः माफियाओं को गिरफ्तार कर लिया है, जिसके विरूद्ध भारतीय दंड विधान की धारा 303, 317, 318, 336 के तहत मामला दर्ज कर जेल भेजा गया है। पुलिस ने बयान जारी कर बताया कि नरहट थाने के पुनौल गांव के पंकज कुमार, लखीसराय जिले के रामपुर गांव के श्यामकिशोर सिंह, अकबरपुर थाने के फूलमा गांव के अजय सिंह, नालंदा जिले के दीप नगर थाने के संटू कुमार, नवादा जिले के नारदीगंज थाने के संदोहरा के विकास कुमार, शेखपुरा जिले के सिरारी थाने के कैथमा गांव के आनंद कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया है। ये सभी अपराधी लाखों रूपए का अवैध बालू बेचा करता था।

## झारखंड से बंगाल तक 'आईडी शराब' की तस्करी की चक्र, एक की गिरफ्तारी



संवाददाता

**कोलकाता।** मुर्शिदाबाद सुति थाने के अहिरन चौकी के अधिकारियों ने झारखंड से मुर्शिदाबाद जिले में तस्करी कर ले जा रहे लगभग 100 लीटर देशी शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। एक बोलेरो गाड़ी जब्त कर ली गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, गिरफ्तार व्यक्ति का नाम मिथुन मंडल (52) है, जो बड़ी सुती थाना क्षेत्र के सरला किशोरपुर गांव का रहने वाला है। पता चला है कि गिरफ्तार व्यक्ति खुद गाड़ी चलाकर झारखंड से बंगाल शराब ला रहा था। गिरफ्तार व्यक्ति को शुक्रवार को कोर्ट में पेश किया गया था। पुलिस सूत्रों के अनुसार, गुरुवार की रात करीब नौ बजे एक बोलेरो गाड़ी झारखंड से सुती अजगरपाड़ा की ओर तेजी से जा रही थी। गुप्त सूचना पर अहिरन चौकी के प्रभारी अधिकारियों ने सुती थाने के हरुआ इलाके में केवी रोड पर वाहन को रोका। गाड़ी की तलाशी लेने पर करीब 100 लीटर 'आईडी शराब' बरामद हुई। पुलिस के मुताबिक शुद्ध आईडी शराब को पानी में मिलाकर ग्रामीण इलाकों में देसी शराब बनाके बेची जाती है। जिला पुलिसके एक अधिकारी ने बताया कि मुर्शिदाबाद के सुती थाने की पुलिस कार्रवाई के कारण अहिरान और आसपास के इलाकों में देशी शराब का उत्पादन बंद कर दिया गया है। इसलिए स्थानीय देसी शराब कारोबारी हाल ही में बीरभूम और झारखंड से देसी शराब बनाने के लिए 'आईडी शराब' ला रहे हैं और इसे पानी में मिलाकर सुती थाना क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में चोरी-छिपे बेचने की कोशिश कर रहे हैं। सूती थाने की पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि देशी शराब बनाने के इस गोरखधंधे में और कौन लोग शामिल हैं।

## आधी रात को पूरे परिवार को जलाने की कोशिश, पिता व पुत्र की मौत



संवाददाता

**कोलकाता।** आधी रात को एक ही परिवार के तीन सदस्यों को सोते समय जलाने की कोशिश की गई। 2 लोगों की मौत हो गई। एक अस्पताल में मौत से लड़ रहा है। घटना को लेकर बोलपुर के रायपुर में काफी तनाव फैल गया है। लेकिन ऐसा क्यों हो रहा है? यह पुरानी दुश्मनी है या कुछ और इसको लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। पुलिस घटना की जांच में जुट गई है। पता चला है कि शेख टूटा और उसकी पत्नी रूपा बीबी बोलपुर थाने के रायपुर सुपुर ग्राम पंचायत के नूतन गीत गांव के रहने वाले हैं। दंपति के दो बेटे हैं। इनके नाम अयान शेख और शेख रख हैं। गुरुवार की रात खाना खाने के बाद दंपत्ति अपने छोटे लड़के के साथ सोये थे। खिड़की खुली थी। कथित तौर पर आरोपी ने उस मौके का फायदा उठाया। खिड़की से घर में मिट्टी का तेल छिड़का गया। इसके बाद आग लगाई दी गई। आग की लपटें उठने पर दंपत्ति में चीख पुकार मच गई। उसी समय शेख तूता ने यह सुन लिया। वह अगले कमरे में गया और आग की तेज लपटें जलती देखीं। तीन लोगों को तुरंत बचा लिया गया और बोलपुर उप-जिला अस्पताल ले जाया गया। उनकी हालत बिगड़ने पर उन्हें बर्दवान अस्पताल ले जाया गया। सबसे पहले सबसे छोटे बेटे अयान की मौत हुई। बाद में पिता शेख तूता की मृत्यु हो गई। मां रूपा बीबी अभी भी अस्पताल में मौत से जूझ रही हैं। बोलपुर थाने की पुलिस घटना की जाँच कर रहे हैं। घटना को केन्द्रित करने से स्वाभाविक रूप से क्षेत्र में तनाव कम हो जाता है।

## राष्ट्रीय कृषि विकास औद्योगिक केन्द्रों को परियोजना केन्द्रों से क्लीयरेंस मिला




संवाददाता

**कोलकाता।** अनुसूचित जनजाति आदिवासी प्रकाशन सोनिक कृषि विकास औद्योगिक केंद्र ने कोलकाता के बाईपास मेट्रो मेट्रोपॉलिटन के पास लायंस ब्लड बैंक सभागार में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की। इस संगठन के संपादक सौमेन कोले ने इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि देश के आदिवासी विभाग को विभिन्न योजनाओं से क्लीयरेंस मिला है। लोगों के रोजगार के लिए पश्चिम बंगाल और देश के अन्य राज्यों में मछली पालन को नई दिशा में ले जाना चाहिए। अगर बजरी की खेती तालाबों में की जाती है, इसलिए महिलाएं स्वरोजगार कर सकती हैं। इसके अलावा हंसः पालन के लिए भी कई परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। इस प्रोजेक्ट को देखकर केंद्रीय जनजातीय मंत्री जोएल ओराम काफी उत्साहित दिखे। इस दौरान केंद्र सरकार ने कृषि विकास उद्योग केंद्र के 17 लोगों को मछली पकड़ने का प्रशिक्षण दिया है। राज्य सरकार उनके साथ देते हैं तो राज्य की कृषि का विकास होगा।

## गरीबा में डायरिया से 12 वर्षीय बच्ची की मौत, दर्जन भर लोग डायरिया के चपेट में



एजेंसी

**नवादा।** नवादा जिले के रजौलीथाना क्षेत्र के बहादुरपुर पंचायत के वार्ड नंबर 12 के गरीबा गाँव के मुसहरी टोला डायरिया के चपेट में आ गया है।।डायरिया के चपेट में आने से शुक्रवार को एक 12 वर्षीय बच्ची की मौत हो चुकी। वही दर्जनों ग्रामीण पीड़ित होकर जीवन के लिए संघर्ष कर रहे हैं।इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती है।

बताया जाता है कि गरीबा गाँव के मुसहरी टोला में एकाएक लोगों को उल्टी और दस्त होने लगा और देखते ही देखते दर्जनों लोग बीमार पड़ने लगे । जिसके बाद आनन-फानन में ग्रामीणों के द्वारा सभी लोगो को रजौली अनुमंडलीय अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए सभी को नवादा रेफर कर दिया गया। इसी दौरान अस्पताल जाने के क्रम में एक 12 वर्षीय बच्ची राधिका कुमारी की मौत रास्ते मे हो गई है। वहीं गरीबा गांव के बब्लू माँझी,अवधेश माँझी, रघु माँझी,रूबी देवी,बेबी देवी,करण कुमार,सपना कुमारी,प्रमिला कुमारी,महेंद्र माँझी,ललन माँझी निजी क्लिनिक में इलाजरत है।

घटना की सूचना के बाद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रजौली की मेडिकल टीम ने उक्त गाँव का दौरा किया और ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव कर आवश्यक दवाई ग्रामीणों को उपलब्ध कराया।बरसात के दिनों में आसपास साफ सफाई रखने का भी अपील किया। अभी सभी लोगों का स्थिति सामान्य है लेकिन एक 10 वर्ष के बच्चे का स्थिति अभी भी गंभीर बनी हुई है ।जो की गोपी मोड़ स्थित किसी निजी क्लीनिक में भर्ती है।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के रजौली के प्रभारी डॉ सौरभ कुमार निराला ने बताया कि सूचना मिलने के बाद मेडिकल टीम को मोहल्ले में भेजा गया था,जहां जाकर ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया गया है । जरूरत के अनुसार सभी को दवाई दी गई है । किस-किस चीज से परहेज करना है कैसे खान पीन करना है। इस बारे में लोगों को बताया गया है। साथ ही लोगों को यह भी कहा गया है कि अगर किसी की स्थिति बिगड़ती है तो एम्बुलेंस का नंबर दिया गया है।

## आकाशीय बिजली की चपेट में आने से किसान की मौत

**पूर्वी चंपारण।** जिले के पताही थाना क्षेत्र में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से एक किसान की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जिसकी सूचना मिलते ही परिजनो का रो-रो कर बुरा हाल है। आकाशीय बिजली की चपेट में आने के बाद किसान को परिजनों ने पताही स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया। जहां डॉक्टरों ने उन्हे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान बोकाने काला पंचायत के वार्ड संख्या 15 के चामुटोला निवासी 45 वर्षीय अरविंद राय के रूप में हुयी है। मृतक को दो पुत्र एवं एक पुत्री है। मौत की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने अरविंद के शव को अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए मोतिहारी सदर अस्पताल भेज दिया है। घटना के बारे में बताया गया कि सुबह मृतक अरविंद अपने खेत में काम कर रहा था।

## नगर परिषद में नये कार्यपालक पदाधिकारी ने दिया योगदान, पुराने को दी गई विदाई

एजेंसी

**फारबिसगंज।** फारबिसगंज नगर परिषद कार्यालय स्थित सभागार में समारोह आयोजित कर निवर्तमान कार्यपालक पदाधिकारी संदीप कुमार को विदाई दी गई।समारोह में नये कार्यपालक पदाधिकारी सूयानंद सिंह का स्वागत किया गया। इस मौके पर मुख्य पार्षद वीणा देवी, उप मुख्य पार्षद नूतन भारती सहित सभी पार्षद एवं नगर परिषद के कर्मचारियों द्वारा शॉल एवं बुके देकर निवर्तमान कार्यपालक पदाधिकारी को विदाई दी गई, जबकि नये का जोरदार ढंग से स्वागत किया गया। मौके पर नप की मुख्य पार्षद वीणा देवी ने कहा कि हमारे पास अब कुछ ही समय है, क्योंकि अब बारिश का सीजन शुरू हो गया और यह शहर बाढ़ से प्रभावित होता रहा है। लिहाजा इन्हीं समय के भीतर हमें शहर को बाढ़ से बचाना होगा। इसके लिए ठोस रणनीति के तहत काम करना पड़ेगा। मुख्य पार्षद ने निवर्तमान कार्यपालक पदाधिकारी की तारीफ करते हुए कहा कि जहां भी संभव हुआ वे खुद उपस्थित होकर काम कराने का काम किया। मुख्य पार्षद ने नए कार्यपालक पदाधिकारी से काफी उम्मीद जताते हुए कहा कि आपको सभी पार्षदों एवं शहरवासियों का सहयोग मिलेगा, अधूरे कामों को आपको पूरा करना पड़ेगा। पार्षद ने कहा कि शहर के मुख्य नाले का हो रहे निर्माण तथा शहर से पानी की निकासी एक बहुत बड़ी चुनौती है क्योंकि अब बारिश का भी सीजन आ गया है जिस पर हम सब को मिलकर काम करना होगा । नए कार्यपालक पदाधिकारी ने कहा कि सभी पार्षदों एवं शहरवासियों के सहयोग से शहरवासियों के उम्मीद पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा तथा शहर को बाढ़ से कैसे बचाया जाए इस पर उन्होंने शीघ्र ही काम शुरू करने की बात कही। वहीं भावुक दिखे निवर्तमान कार्यपालक पदाधिकारी संदीप कुमार ने कहा कि हमने अपने स्तर से बेस्ट देने का प्रयास किया।

**युवा लेखक संवाद में सवालों से रु-ब-रु हुए ख्यात लेखक यतीश कुमार**

## भंवर में फंसे मनुष्य को उबारने के लिए लिखता हूं

संवाददाता

**कोलकाता।** साहित्य बेहतर मनुष्य का निर्माण करता है । उसे ज्यादा विनम्र, ज्यादा संवेदनशील बनाता है । साहित्य मिट्टी से और पीड़ा से जुड़ना सिखाता है । मैं बेहतर मनुष्य बनने की यात्रा करते हुए साहित्य की शरण में आया । यह विचार गांधी आश्रम छतरपुर में आयोजित लेखक युवा संवाद कार्यक्रम में 1996 वैच के आईआरएस अफसर युवा कवि-कथाकार यतीश कुमार ने व्यक्त किए । ₹बोरसी भर आंच₹ कृति के लेखक ने पाठकों और युवाओं के सवालों के जवाब में कहा कि मेरी पृष्ठभूमि हिंदी भाषा के विद्यार्थी की नहीं रही है, मैं 40 की उम्र में हिंदी भाषा और साहित्य से एक पाठक की तरह जुड़ा । प्रबंधन की दुनिया से साहित्य और लेखन की दुनिया में मुझे मेरी पत्नी स्मिता खींच लाईं और डायरी लिखने की मेरी आदत ने मुझे लेखक बनाया । उन्होंने युवाओं से कहा कि आप हमेशा बालकनी से देखो, सड़क को सड़क से मत देखो । सड़क से अगले मोड़ के बाद सड़क कहां जा रही है वो भी नहीं दिखेगा ।

**● बोरसी भर आंच पर चर्चा और इश्क इतवार नहीं पुस्तक विमोचित**



राष्ट्रीय युवा संगठन और सर्व सेवा संघ के युवा सेल के प्रदेश स्तरीय युवा शिविर के दौरान मध्य प्रदेश हिंदी साहित्य सम्मेलन की प्रदेश एवं जिला इकाई द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता गांधी शांति प्रतिष्ठान के अध्यक्ष प्रसिद्ध विचारक, लेखक कुमार प्रशांत ने किया । पूर्व आईएएस वरिष्ठ कवि-कथाकार राजीव शर्मा और वरिष्ठ लेखक, संपादक प्रो. बहादुर सिंह परमार ने विशिष्ठ अतिथि की आसंदी से पुस्तक पर अपनी राय साझा की । वरिष्ठ साहित्यकार प्रोफेसर बहादुर सिंह परमार ने कहा कि बोरसी भर आंच₹ आत्मकथा व संस्मरण से परे एक अलग ही विधा है। इसमें जीवन की खुरदुरी सच्चाइयों को साझा किया गया है, पूर्व आईएएस एवं वरिष्ठ कवि-कथाकार राजीव शर्मा ने कहा कि सत्ता के पंडों ने साहित्य को जो नुकसान पहुंचाया है उसकी भरपाई लेखन में ईमानदारी से ही की जा सकती है। अगर आपके हाथ में कलम है तो संसार में आप से बड़ा नायक कोई नहीं है। इस नायक से लड़ पाने और जीत पाने के लिए मैं यतीश कुमार को बधाई देता हूं। इसके पूर्व इस कृति पर पाठकनामा में अपना अभिमत रखते हुए महेश अजनबी ने कहा कि बोरसी की आंच में यतीश कुमार ने स्त्री विमर्श को एक बहन के भाई और एक मां के बेटे के रूप में बेबाकी से लिखा है। यह किताब कविता से कहानी के बीच के सफर में लिखी गई है ।

## डेढ करोड़ के बीएसएनएल केबल जब्ती मामले में अंतर जिला के दो गिरफ्तार

एजेंसी

**पूर्वी चंपारण।** जिला पुलिस की टीम ने अरेराज डीएसपी रंजन कुमार के नेतृत्व में डेढ़ करोड़ के बीएसएनएल केबल बरामदगी मामले का खुलासा कर दिया है। केबल को गायब करने के साथ ही चालक की हत्या कर रुपये गबन करने वाले अंतर जिला के दो शातिर को गिरफ्तार किया है। पकड़े गये दोनो अपराधी भभुआ जिला के डुमरैत गांव निवासी अज्जू खान के पुत्र खलासी सह उप चालक फिरोज खान व इरफान खान का पुत्र शाह फैसल उर्फ रोमी बताया गया है। दोनों अपराधी केबल के बकाया राशि मांगने गोविंदगंज थाना के रढिया गांव पहुंचे थे। इसी दौरान दबोच लिये गये। डीएसपी रंजन कुमार ने गुरुवार को बताया कि 21 जून को गोविन्दगंज थाना के रढिया राय टोला से लगभग डेढ़ करोड़ के बरामद बीएसएनएल का केबल डिमापुर नागालैण्ड से नीलामी के बाद बंगलुरु जा रहा था। उसी दौरान ट्रक का उपचालक व ट्रांसपोर्टर माल को गायब करने के नीयत से रढिया राय टोला लेकर पहुंचे थे,और साक्ष्य को छुपाने की नीयत से ट्रक चालक केशव चक्रवर्ती को उपचालक फिरोज ने नशीला पदार्थ खिलाकर मार डाला और उसके शव को यूपी के बलिया जिला के नरही के समीप फेक दिया। उन्होंने बताया कि डेढ़ करोड़ रुपये के केबल का डील स्थानीय अभियुक्तों से मात्र 14 लाख रुपये में हुई। कुछ रुपये का भुगतान हुआ व बकाया राशि का भुगतान केबल खपाने के बाद देने की हुई थी। केबल को खपाने के लिए केबल के खरीददार इस कारोबार में जुड़े दुसरे ट्रांसपोर्टर के सहयोग से दूसरे ट्रक की व्यवस्था कर बीएसएनएल के केबल बेचने के लिए ट्रक पर लोड करा लिये थे,जिसकी जानकारी एसपी कांतेश मिश्र को हुई। जिसके बाद उनके निर्देश डीएसपी ने छापेमारी कर दूसरे ट्रक मालिक सह चालक पूर्वी चम्पारण के कोटवा थाना के जसौली जमुनिया गांव के उमेश गिरि के पुत्र रंजन कुमार को गिरफ्तार किया गया।

# आखिरी ओवर फेंकने के लिए पांड्या को सलाम: रोहित




एजेंसी

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आईसीसी टी 20 विश्व कप 2024 के फाइनल के दौरान आखिरी ओवर में ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या की शानदार गेंदबाजी की तारीफ की। भारतीय टीम ने 29 जून को बारबाडोस में दक्षिण अफ्रीका को सात रनों से हराकर दूसरी बार प्रतिष्ठित टी20 विश्व कप ट्रॉफी जीती। रोहित ने टी20 विश्व कप फाइनल जीतने के बाद खेल के सबसे छोटे प्रारूप से संन्यास की घोषणा की। मुंबई में जन्मे इस क्रिकेटर ने ट्रॉफी जीतने की खुशी में वानखेड़े में आयोजित सम्मान समारोह में अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। रोहित ने कार्यक्रम के दौरान कहा, यह ट्रॉफी पूरे देश के लिए है। देश का प्रतिनिधित्व करने वाले सभी खिलाड़ियों के साथ-साथ हम इसे अपने प्रशंसकों को समर्पित करना चाहते हैं, जिन्होंने 11 साल तक इसका इंतजार किया है। इसके अलावा, सलामी बल्लेबाज ने वानखेड़े स्टेडियम में मौजूद दर्शकों की प्रशंसा की और उन्हें धन्यवाद कहा। दाएं हाथ के बल्लेबाज ने कहा, मुंबई कभी निराश नहीं करती। हमें शानदार स्वागत मिला। टीम की ओर से हम प्रशंसकों का धन्यवाद करना चाहते हैं। मैं बहुत-बहुत खुश और राहत महसूस कर रहा हूं । अंत में, इस बेहतरीन बल्लेबाज ने फाइनल के आखिरी ओवर में पांड्या की शानदार गेंदबाजी की सराहना की।

उन्होंने कहा,हार्दिक हमारे लिए आखिरी ओवर फेंक रहे थे। आखिरी ओवर फेंकने के लिए उन्हें सलाम। आप जानते हैं, चाहे आपको कितने भी रन चाहिए हों, उस ओवर को फेंकने का हमेशा बहुत दबाव होता है। लेकिन उन्हें सलाम। हेनरिक क्लासेन और डेविड मिलर के महत्वपूर्ण विकेटों के साथ फाइनल में बड़ा योगदान देने वाले इस ऑलराउंडर ने बल्ले और गेंद से अच्छा प्रदर्शन किया और इस श्रेणी में नंबर 1 पर पहुंचने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बने।

हार्दिक पांड्या ने बल्ले से निचले क्रम में प्रभावशाली प्रदर्शन किया और जब टीम को उनकी जरूरत थी, तब गेंद से भी सफलता हासिल की। उन्होंने 150 से ज्यादा की बैटिंग स्ट्राइक रेट से 144 रन बनाए और 11 विकेट भी लिए। रोहित शर्मा ने टी20 विश्व कप 2024 जीतने के बाद 20 ओवर के प्रारूप से संन्यास की घोषणा की। 159 मैचों में 4231 रन के साथ, रोहित इस प्रारूप के सर्वश्रेष्ठ स्कोरर हैं। उनके नाम टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में सबसे ज्यादा शतक (पांच) लगाने का रिकॉर्ड भी है। उन्होंने दो टी20 विश्व कप जीते हैं: पहला 2007 में प्रतिस्पर्धा करते हुए और मौजूदा 2024 में कप्तान के तौर पर। टी20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्यों का गुरुवार को दिल्ली से मुंबई पहुंचने के बाद मरीन ड्राइव से वानखेड़े स्टेडियम तक खुली छत वाली बस में विजय परेड के दौरान जोरदार स्वागत किया गया। विश्व कप जीत की खुशी में झूमते प्रशंसकों का एक समूह ताली बजाकर और जयकारे लगाकर टीम का स्वागत कर रहा था। टीम के सदस्यों ने भी प्रशंसकों की भावनाओं का जवाब देते हुए मुस्कुराते हुए और हाथ हिलाकर उनका अभिवादन किया।

कप्तान रोहित शर्मा और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने टी20 विश्व कप 2024 की ट्रॉफी उठाई और रास्ते में बड़ी संख्या में मौजूद प्रशंसकों को दिखाई। इस अवसर पर जश्न मनाने के लिए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह और बोर्ड के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला भी बस में खिलाड़ियों के साथ थे। इस जश्न के दौरान खिलाड़ियों ने खुद को तिरंगे में लपेटा हुआ था। खिलाड़ियों को बेहतर तरीके से देखने के लिए कुछ प्रशंसक पेड़ों पर भी चढ़ गए। खिलाड़ियों ने ट्रॉफी थामकर उत्साही क्रिकेट प्रशंसकों की ओर हाथ हिलाया। रोहित ने टीम के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ और बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव का हाथ थामा और तीनों ने आसमान की ओर हाथ जोड़कर टीम की जीत का संकेत दिया। इसके बाद टीम वानखेड़े स्टेडियम पहुंची।

इससे पहले, टीम इंडिया विजय परेड के लिए मुंबई पहुंची और उनका जोरदार स्वागत किया गया। वेस्टइंडीज में विश्व कप जीतने के लिए धैर्य, दृढ़ संकल्प और लचीलापन दिखाने वाली टीम का स्वागत करने के लिए मरीन ड्राइव पर प्रशंसकों का एक समूह मौजूद है। विजय परेड के बाद वानखेड़े स्टेडियम में सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

## एक नजर

### एक वरिष्ठ खिलाड़ी के रूप में अपनी भूमिका का आनंद ले रहा हूं: लुइस सुआरेज

**लास वेगास।** लुइस सुआरेज ने गुरुवार को कहा कि वह उरुग्वे की टीम में एक वरिष्ठ खिलाड़ी के रूप में अपनी भूमिका का आनंद ले रहे हैं। उरुग्वे की टीम संयुक्त राज्य अमेरिका में 15वीं बार कोपा अमेरिका खिताब जीतने की कोशिश कर रही है। 140 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 68 गोल के साथ उरुग्वे के सर्वकालिक शीर्ष स्कोरर सुआरेज ने अब तक इस टूर्नामेंट में सिर्फ. आठ मिनट खेले हैं और उन्हें पता है कि शीर्ष स्तर पर उनका समय समाप्त होने वाला है। 37 वर्षीय खिलाड़ी ने शनिवार को लास वेगास के एलीगेंट स्टेडियम में ब्राजील के खिलाफ सेलेस्टे के कोपा अमेरिका क्वार्टर फाइनल से पहले संवाददाताओं से कहा, मैं हर पल का भरपूर आनंद ले रहा हूँ। जैसे-जैसे आप बड़े होते जाते हैं, आप इसका और भी ज्यादा आनंद लेते हैं, क्योंकि आप जानते हैं कि आपके अंदर की फुटबॉल की लौ बुझ रही है। इंटर मियामी के स्ट्राइकर ने कहा, मैं टीम का एक और सदस्य हूं। मैं खेलूं या न खेलूं, मैं अपनी भूमिका से खुश हूं और मैं हर संभव तरीके से मदद करने की कोशिश करता रहूंगा।

### भारतीय टीम ने दिया मुंबई पुलिस को धन्यवाद

**मुंबई।** भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने खिलाड़ियों के भव्य स्वागत और खेल प्रशंसकों को संभालने के लिए इतनी अधिक संख्या में पुलिस की मौजूदगी से अभिभूत होकर शुक्रवार को यहां टी 20 विश्व कप विजेता भारतीय टीम की 'विक्ट्री परेड' के दौरान अभूतपूर्व काम करने के लिए मुंबई पुलिस को धन्यवाद दिया। मुंबई पुलिस ने खिलाड़ियों के स्वागत के लिए उमड़े जनसैलाब को व्यवस्थित ढंग से संभाला। बारबडोस से 16 घंटे की उड़ान के बाद भारतीय टीम गुरुवार को स्वदेश लौटी जिसके बाद खिलाड़ी दिल्ली में प्रधानमंत्री से मिलने के बाद विक्ट्री परेड के लिए मुंबई पहुंचे जहां लाखों की संख्या में क्रिकेट प्रशंसक मौजूद थे।

### क्रिकेट टीम की जीत पर गर्व : हरमनप्रीत सिंह

**बेंगलुरू।** टी20 विश्व कप में भारतीय टीम की शानदार जीत पर भारतीय हॉकी कप्तान हरमनप्रीत सिंह को गर्व है और उनका वादा है कि पेरिस ओलंपिक में उनकी टीम भी देशवासियों को फिर इसी तरह से जश्न मनाने का मौका देगी। रोहित शर्मा की कप्तानी वाली भारतीय क्रिकेट टीम ने आईसीसी खिताब के लिये 11 साल का इंतजार खत्म करते हुए बारबडोस में दक्षिण अफ्रीका को हराकर टी20 विश्व कप जीता। चैम्पियन टीम का स्वेदश लौटने पर पलक पांवड़े बिछाकर अभूतपूर्व स्वागत किया गया। इस महीने के आखिर में होने वाले पेरिस ओलंपिक की तैयारियों के लिये शिविर में मसरूफ भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत ने दिए विशेष इंटरव्यू में कहा, एक खिलाड़ी होने के नाते बड़े टूर्नामेंट में जाना और अच्छा प्रदर्शन करके विश्व कप जीतना, उससे बड़ी कोई बात नहीं है।

### नए कोच की नियुक्ति जुलाई के अंत तक: कल्याण

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के अध्यक्ष कल्याण चौबे ने गुरुवार को कहा कि महासंघ जुलाई के अंत तक भारतीय पुरुष राष्ट्रीय टीम के लिए नए कोच की नियुक्ति कर देगा। एआईएफएफ ने एक बयान में कहा कि बुधवार, 3 जुलाई, 2024 को पद के लिए आवेदन करने की अवधि समाप्त होने से पहले उसे दुनिया भर से कुल 291 आवेदन प्राप्त हुए थे। 6 जून को, भारत के अब तक के सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी सुनील छेत्री ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया और इसके तीन दिन बाद पुरुष टीम के मुख्य कोच इगोर स्टिमक को पद से हटा दिया गया।

### पेरिस ओलंपिक 2024: किरण पहल रिले टीम से बाहर

# भारतीय एथलेटिक्स टीम घोषित

एजेंसी

**नई दिल्ली।** किरण पहल को इस महीने होने वाले पेरिस ओलंपिक के लिए भारतीय महिला 47400 मीटर रिले टीम में जगह नहीं मिली है। हालांकि, किरण, जो हाल ही में अंतर-राज्यीय राष्ट्रीय प्रतियोगिता में 50.92 सेकेंड के साथ सर्वकालिक भारतीय 400 मीटर सूची में दूसरे नंबर पर रहीं, जहां उन्हें सर्वश्रेष्ठ एथलीट का पुरस्कार मिला, पंचकूला में योग्यता मानक हासिल करने के बाद ओलंपिक में व्यक्तिगत 400 मीटर में दौड़ेंगी। गुरुवार को ओलंपिक के लिए अपनी टीम की घोषणा करने वाले भारतीय एथलेटिक्स महासंघ ने रिले टीम के लिए राष्ट्रीय कैंपरों को शामिल करने की अपनी नीति पर कायम रहने का फैसला किया है और यही कारण है कि अंतर-राज्यीय मीट में दूसरे स्थान पर रहने वाली किरण और दीपांशी को बाहर रखा गया है। आश्चर्यजनक रूप से, किरण को पेरिस के लिए अर्हता प्राप्त करने के अंतिम समय में अंतर-राज्यीय राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भारतीय 47400 मीटर मिश्रित रिले टीम में शामिल किया गया था। एथलेटिक्स में देश के पहले ओलंपिक चैंपियन भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा 28 सदस्यीय टीम में सबसे बड़ा नाम हैं, जिसमें एशियाई खेलों के चैंपियन तजिंदरपाल सिंह तूर, अविनाश साबले, पारुल चौधरी और अन्नू रानी भी शामिल हैं। पारुल पेरिस में दो व्यक्तिगत स्पर्द्धाओं, महिलाओं की 3000 मीटर स्टीपल चेज और 5000 मीटर में भाग लेंगी । राजेश रमेश, जिन्होंने इस साल व्यक्तिगत 400 मीटर दौड़ नहीं लगाई और जिनकी चोट के कारण मई में बहामास में विश्व रिले में भारत के लिए फिनिश नहीं कर पाए, पुरुषों की 47400 मीटर रिले में भाग लेंगे। विश्व रैंकिंग के माध्यम से अर्हता प्राप्त करने के बावजूद, भाला फेंक खिलाड़ी डी.पी. मनु डोपिंग के लिए अनंतिम रूप से निलंबित होने के बाद कट में जगह नहीं बना पाए।

**पेरिस ओलंपिक के लिए भारतीय एथलीट टीम**



**पुरुष टीम:** अविनाश साबले (3,000 मीटर स्टीपलचेज), नीरज चोपड़ा, किशोर कुमार जेना (भाला फेंक), तजिंदरपाल सिंह तूर (शॉट पुट), प्रवीण चित्रावेल, अब्दुल्ला अबूबकर (ट्रिपल जंप), सर्वेश कुशारे (ऊंची कूद), अक्षदीप सिंह, विकास सिंह, परमजीत सिंह बिष्ट (20 किमी रेस वॉक), मुहम्मद अनस, मुहम्मद अजमल, अमोज जैकब, संतोष तमिलारासन, राजेश रमेश, मिजो चाको कुरियन (47400 मीटर रिले), सूरज पंवार (रेस वॉक मिक्स्ड मैराथन)।

**महिला टीम:** किरण पहल (400 मीटर), पारुल चौधरी (3,000 मीटर स्टीपलचेज और 5,000 मीटर), ज्योति याराजी (100 मीटर बाधा दौड़), अन्नू रानी (भाला फेंक), आभा खटुआ (शॉट पुट), ज्योतिका श्री दांडी, सुभा वेंकटेशन, विथ्या रामराज, पूवम्मा एमआर, प्राची (47400 मीटर रिले), प्रियंका गोस्वामी (20 किमी रेस वॉक/रेस वॉक मिश्रित मैराथन)।

# भारतीय ओलंपिक दल के एथलीटों से प्रधानमंत्री मोदी ने की मुलाकात



एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को भारतीय ओलंपिक दल के एथलीटों से मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने एथलीटों के साथ विशेष बातचीत के दौरान उन्हें अपनी शुभकामनाएं दीं। इस मुलाकात को यादगार बातचीत करार दिया। इस साल ओलंपिक पेरिस में होंगे। खेल 26 जुलाई से शुरू होकर 11 अगस्त तक चलेंगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को अपने सोशल मीडिया पर लिखा, ओलंपिक के लिए पेरिस जा रहे हमारे दल से बातचीत की। मुझे विश्वास है कि हमारे एथलीट अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे और भारत को गौरवान्वित करेंगे। उनकी जीवन यात्रा और सफलता 140 करोड़ भारतीयों को उम्मीद देती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को नई दिल्ली में पेरिस ओलंपिक जाने वाले भारतीय एथलीटों से मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने एथलीटों के साथ विशेष बातचीत के दौरान उन्हें अपनी शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री ने शुक्रवार सुबह इस बातचीत का वीडियो साझा करते हुए लिखा, पेरिस ओलंपिक के लिए हमारे दल के साथ एक यादगार बातचीत। आइये हम सब मिलकर इसका आनंद लें।

### जिम्बाब्वे के खिलाफ नई शुरूआत करेगी भारतीय टीम

**हरारे।** रोहित शर्मा और विराट कोहली के बिना की युवा ब्रिगेड जिम्बाब्वे के खिलाफ शनिवार से शुरू हो रही पांच मैचों की टी20 श्रृंखला में उतरेगी तो इस प्रारूप में यह भारतीय क्रिकेट के नए दौर का सूत्रपात भी होगा। भारत में टी20 विश्व कप की जीत के सतत जारी जश्न के बीच शुभमन गिल की कप्तानी वाली आईपीएल सितारों से सजी यह युवा टीम जीत का अपना सिलसिला शुरू करना चाहेगी।

# वॉलीबाल मीडिया कप टूर्नामेंट का समापन




संवाददाता

**रांची।** खेलगांव स्थित टाना भगत स्टेडियम में रांची प्रेस क्लब द्वारा आयोजित दो दिवसीय वॉलीबाल लीग टूर्नामेंट का शुक्रवार को समापन हो गया। टीम येलो ने टीम ब्लू को कड़े मुकाबले में परास्त कर मीडिया कप वॉलीबाल टूर्नामेंट के खिताब पर कब्जा जमाया।

टूर्नामेंट के दूसरे दिन टीम ग्रीन ने टीम रेड को तीन सेट तक चले संघर्षपूर्ण मुकाबले में 25-17, 23-25, 15-6 से हराया, वहीं टीम ब्लू ने टीम येलो को तीन सेट तक चले संघर्षपूर्ण मुकाबले में 25-9, 23-25, 15-6 से हराया। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला टीम येलो और टीम ब्लू के बीच खेला गया जिसमें टीम येलो ने टीम ब्लू को 25-23, 25-23 से हराकर अरपीसी मीडिया कप वॉलीबॉल टूर्नामेंट 2024 का खिताब अपने नाम कर लिया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में अंतराष्ट्रीय प्रशिक्षक सह झारखंड बॉलीबॉल संघ के महासचिव शेखर बोस मौजूद रहे वहीं, विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ पत्रकार हरिनारायण सिंह, शशी शेखर, प्रकाश सहाय, विनय वर्मा, शम्भूनाथ चौधरी, राघवेन्द्र, चंचल भटाचार्य, दीपक ओझा मौजूद रहे। सभी अतिथियों को एक एक पौधा और स्मृति चिन्ह प्रेस क्लब की ओर से दे कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि शेखर बोस ने कहा कि पत्रकारों के बीच खुद को पा कर उन्हें बेहद खुशी महसूस हो रही है। इस तरह के आयोजन से न केवल स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता बढ़ती है बल्कि उनका सेहत भी बना रहता है।

# हमारा एकमात्र लक्ष्य भारतीय ध्वज है: विराट

### वनडे विश्व कप जीत का जश्न मनाने के लिए सचिन तेंदुलकर को अपने कंधों पर उठा लिया था



एजेंसी

**मुंबई।** वानखेड़े स्टेडियम में विजय रथ पर सवार होना विराट कोहली के लिए कोई नई बात नहीं है। तेरह साल पहले, 22 साल की उम्र में, उन्होंने भारत की ऐतिहासिक वनडे विश्व कप जीत का जश्न मनाने के लिए सचिन तेंदुलकर को अपने कंधों पर उठा लिया था। लेकिन जब वह गुरुवार शाम को इस प्रतिष्ठित स्थल पर लौटे,(इस बार एक अनुभवी, हाल ही में संन्यास लेने वाले टी20ई क्रिकेटर के रूप में) तो अपनी भावनाओं को नियंत्रित नहीं कर सके। उन्होंने भारत की टी20 विश्व कप जीत का जश्न मनाते हुए खचाखच भरे स्टेडियम को संबोधित करते हुए कहा,जब हमने 2011 में विश्व कप जीता था, तो मैं उस समय वरिष्ठ खिलाड़ियों की भावनाओं से जुड़ नहीं पाया था। मैं समझ नहीं पाया कि वे क्यों रो रहे थे। मेरे लिए, ऐसा लगा, 'हां, हमने विश्व कप जीत लिया है और यह एक सच्चाई है। मैं 22 साल का था, लेकिन अब, यह एक अलग एहसास है। अब इस स्थिति में होने के नाते, मैं समझता हूं कि इसका क्या मतलब है। सिर्फ मैं ही नहीं, रोहित इतने लंबे समय से खेल रहे हैं, और हम दोनों इतने लंबे समय से इसके लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। जब मैं कप्तान था, तो वह एक वरिष्ठ खिलाड़ी थे, अब वह कप्तान हैं, तो मैं एक वरिष्ठ खिलाड़ी हूं, और हमारा एकमात्र लक्ष्य भारत को विश्व कप जीताना था। हाल ही में समाप्त हुए टी20 इवेंट में एक निराशाजनक अभियान से उबरते हुए, कोहली की फाइनल में खेली गई शानदार पारी ने भारत के लिए रास्ता तैयार किया। जब भारत ने हार के मुंह से जीत हासिल की, तो यह रोहित और कोहली दोनों के लिए एक भावनात्मक क्षण था। 15 साल तक साथ खेलने के बाद कोहली ने पहली बार रोहित को मैदान पर इतना भावुक होते देखा।

## वाणिज्य

# बंगाल में निवेश को प्रोत्साहित किया जाना बहुत जरूरी: निलेश

### शाह ने कहा, हमें (सट्टा) कारोबार को हतोत्साहित करना चाहिए ताकि निवेश को बढ़ावा मिले

एजेंसी

**कोलकाता।** प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (ईएसी-पीएम) के अंशकालिक सदस्य नीलेश शाह ने कहा कि बंगाल में सट्टा कारोबार पर अंकुश लगाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि इसके लिए दीर्घावधि के लिए निवेश की प्रवृत्ति विकसित करने के लिए कदम उठाने की जरूरत है।

कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक शाह ने इस बात पर जोर दिया कि किस प्रकार दीर्घकालिक पूंजी निवेश खुदरा निवेशकों और भारतीय कंपनियों के लिए धन सृजन कर सकता है। शाह ने कहा, हमें (सट्टा) कारोबार को हतोत्साहित करना चाहिए ताकि निवेश को बढ़ावा मिले। लोग पैसा खो देते हैं। यदि सरकार वायदा व विकल्प या सट्टा कारोबार के लिए उच्च कराधान पर विचार कर रही है, तो यह सही कदम होगा।

दूसरी ओर, शाह अनेक चुनौतियों के बावजूद देश की वृद्धि गति, इसकी अपार संभावनाओं और अवसरों के प्रति आशावादी हैं। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड को दिए गए अपने बजट-पूर्व ज्ञापन में एसोसिएशन ऑफ नेशनल एक्सचेंजेज मेंबर्स ऑफ इंडिया (एएनएमआई) के अध्यक्ष विनोद कुमार गोयल ने सुझाव दिया कि लेनदेन (गैर-डिलीवरी आधारित) से होने वाली आय/हानि (जो उसी दिन चुकता कर दी जाती है) को व्यवसाय आय के बराबर माना जाना चाहिए। सट्टा आय नहीं।

### पूरे दिन दबाव के बाद शेयर बाजार सपाट स्तर पर बंद, स्मॉल और मिडकैप शेयरों ने दिया सहारा

# निवेशकों को 2.52 लाख करोड़ का मुनाफा




एजेंसी

**नई दिल्ली।** पूरे दिन दबाव में कारोबार करने के बाद घरेलू शेयर बाजार में शुक्रवार को आखिरी आधे घंटे के कारोबार के दौरान शानदार रिकवरी नजर आई। कारोबार की शुरूआत गिरावट के साथ हुई थी। दिन के कारोबार में ये गिरावट लगातार बढ़ती चली गई। करीब बाजार में खरीदारों ने अपना जोर बना दिया, जिसकी वजह से शेयर बाजार मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुआ। दिन भर के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.07 प्रतिशत की कमजोरी के साथ और निफ्टी 0.09 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए। कारोबार में ऑयल एंड गैस, इंफ्रास्ट्रक्चर और एनर्जी सेक्टर के शेयरों में जोरदार खरीदारी होती रही। इसी तरह फार्मास्यूटिकल, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज और एफएमसीजी इंडेक्स भी बढ़त के साथ बंद हुए। दूसरी ओर बैंकिंग, आईटी, कंज्यूमर ड्युरेबल्स और टेक शेयरों में बिकवाली का दबाव बना रहा। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार खरीदारी होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.75 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.70 प्रतिशत की तेजी के साथ आज के कारोबार का अंत किया। मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में हुई जोरदार खरीदारी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में ढाई लाख करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 449.82 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी गुरुवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 447.30 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 2.52 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया। भर के कारोबार में बीएसई में 4,016 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 2,254 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,669 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 93 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,353 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,371 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 982 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 17 शेयर बढ़त के साथ और 13 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। निफ्टी में शामिल शेयरों में से 36 शेयर हरे निशान में और 14 शेयर लाल निशान में बंद हुए। बीएसई के सेंसेक्स ने आज 270.69 अंक टूट कर 79,778.98 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। बाजार खुलने के बाद मुनाफा वसूली शुरू हो जाने की वजह से ये सूचकांक 570.71 अंक की गिरावट के साथ 79,478.96 अंक तक लुढ़क गया।

# सर्राफा बाजार में तेजी का रुख सोना और चांदी की बढ़ी चमक



एजेंसी

**नई दिल्ली।** पिछले कुछ दिन से लगातार दबाव का सामना कर रहे घरेलू सरार्फा बाजार में एक बार फिर तेजी का रुख है। देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 73 हजार रुपये और 22 कैरेट सोना 67 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर के ऊपर पहुंच गया है। सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 73,760 रुपये से लेकर 73,100 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी 67,610 रुपये से लेकर 67,010 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। सोने की तरह ही चांदी के भाव में भी तेजी आई है। इसकी वजह से दिल्ली सरार्फा बाजार में चांदी 93,500 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना 73,250 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 67,160 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई। इसी तरह मुंबई में 24 कैरेट सोना 73,100 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 67,010 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जबकि चेन्नई में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 73,760 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 67,610 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है।

# हिन्दू धर्म को बदनाम और नीचा दिखाने का कुत्सक प्रयास बर्दाश्त के बाहर, कांग्रेस के नेताओं ने पहले भी कहा हिन्दू आतंकवाद : सीपी जोशी

## मोदी सरकार के दस सालों में जनहित के काम हुए, लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर कांग्रेस में हो रही है छटपटाहटः सीपी जोशी

चमकता राजस्थान



चित्तौडगढ़ । भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं चित्तौडगढ़ सांसद सीपी जोशी आज बड़ी सादड़ी विधानसभा क्षेत्र पहुंचे, जहां अनेक स्थानों पर बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और आमजन ने उनका जोरदार स्वागत किया। सीपी जोशी ने लोकसभा चुनाव में मिले सहयोग एवं समर्थन के लिए सभी का आभार व्यक्त किया।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने इस दौरान मतदाता सम्मेलन सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव में भाजपा की 240 सीटें आई है, कांग्रेस तीन चुनावों में भी इतनी सीटें हासिल नहीं कर पाई। केन्द्र में लगातार तीसरी बार नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने से कांग्रेस में छटपटाहट हो रही है। लोकसभा में जिस प्रकार का व्यवहार कर हिन्दू समाज को बदनाम करने और नीचा दिखाने का प्रयास किया जा रहा है, हिन्दू समाज को गालियां दी जा रही है उसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। लोकसभा चुनाव के समय भी कांग्रेस ने जनता को बरगलाने और सोशल मीडिया के माध्यम से भ्रांतियां फैलाने का काम किया था, लेकिन जनता ने नरेन्द्र मोदी को लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री चुना।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि राहुल गांधी और कांग्रेस के नेता पहले भी हिन्दू आतंकवाद कह चुके है। क्या उन्हें यह नहीं पता कि कश्मीर में आतंकवादी घटनाएं कौन कर रहा है, संसद में, जयपुर में सोमनाथ में आतंकवादी घटनाएं किसने की, घुसपेठियों की तरह देश में आकर कौन विचलित करने का काम कर रहा है। हिन्दू कोई धर्म नहीं एक विचारधारा है जिसे दुनिया की कोई ताकत रोक नहीं सकती।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि राजस्थान में पूर्व की कांग्रेस सरकार ने जनता की तरफ कोई ध्यान नहीं दिया और आखिरी के 6 महिनों में ही काम किया। जबकि भाजपा की डबल इंजन सरकार ने सत्ता में आने के 6 महिनों में संकल्प पत्र के 40 से 45 प्रतिशत से अधिक वादों को पूरा करने के साथ ही जनहित में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लेने का काम किया। कांग्रेस ने ईआरसीपी को लेकर प्रदेश की जनता को गुमराह किया लेकिन भाजपा की सरकार ने काम करते हुए मध्य प्रदेश की सरकार के साथ एमओयू किया। शीघ्र ही काम भी शुरू हो जाऐगा। कांग्रेस की सरकार ने मोदी सरकार की जल जीवन मिशन योजना में भी जमकर भ्रष्टाचार किया जहां पानी का कोई स्त्रोत नहीं था वहां भी टंकी बना दी और पाईप लाईन बिछा दी। उन्होंने कहा कि हम सभी मिलकर भाजपा की मजबूती के लिए काम कर रहें है, इसलिए आने वाले पंचायत राज चुनाव में सरपंच से लेकर जिला प्रमुख तक भाजपा का कमल खिलाने का संकल्प लेना है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक पेड मां के नाम लगाने का आह्ान किया था। इसके तहत भाजपा ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि 23 जून से उनके जन्म दिन 6 जुलाई तक वृक्षारोपण का अभियान चलाया है। सभी अपनी पंचायत में बूथ और खेत सहित जहां भी हो सके अपनी मां के नाम पेड़ लगाकर उसे सोशल मीडिया पर डाले और हर पंचायत में 370 पौधे लगाने का काम करें और यह संदेश दे कि कश्मीर से धारा 370 हटाने का जो सपना डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने संजोया था उसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूरा किया।

इस अवसर पर प्रदेश सरकार के मंत्री गौतम दक, भाजपा जिलाध्यक्ष मिट्ठू लाल जाट, पूर्व विधायक ललित ओस्तवाल, भूमि विकास बैंक चेयरमैन बद्री लाल जाट सहित जनप्रतिनिधि पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### विद्यालय विकास एवं प्रबंधन बैठक में वितरण की निशुल्क पुस्तकें और किया पौधरोपण



**चमकता राजस्थान/रघुनंदन पारीक/श्रीनगर।** नसीराबाद झड़वासा कस्बे के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में विकास एवं प्रबंधन समिति की बैठक में बच्चों को निशुल्क पुस्तकें वितरण की और पौधरोपण भी किया

प्रभारी रामदेव जांगिड़ ने बताया की शुक्रवार को स्थानीय सीनियर सेकंडरी विद्यालय में प्रधानाचार्य कौशल्या यादव व देवकरण गुर्जर की अध्यक्षता में विद्यालय विकास एवं प्रबंधन की मासिक बैठक आयोजित की गई जिसमें सर्व प्रथम सरस्वती पूजन के साथ पूर्व बैठकों के प्रस्तावों पर चर्चा कर वर्तमान में विद्यालय में 10% नामांकन बढ़ाने, हरित राजस्थान में 1000 पौधे लगाने, शिक्षा विभाग में राजस्थान सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं, कक्षा 9 से 12 वीं तक की कक्षाएं खेल मैदान में नए भवन में संचालित करने, विद्यालय में गणित विषय को पढ़ाने के लिए व्यवस्था के लिए हेमलता यादव को लगाने, ओपन स्कुल के आवेदन करने पर खुलकर चर्चा कर प्रस्ताव लिए गए इस अवसर पर बच्चों को निशुल्क पुस्तक वितरण भी किया गया जिससे बच्चे काफी खुश नजर आये।

इस मौके एसएमसी व एसडीएमसी के सदस्य मांगीलाल जाट, शिवराज जाट, राजेश वर्मा, तेजमल जाट, नोरत बैरवा, नारायण फारक, वीरेंद्र सिंह राठौड़, पूजा सिंहल, चिरंजी लाल धुड़िया, सुरेन्द्र शाहू और अनीता जैन आदि उपस्थित थे।

### दीपक सक्सेना को भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (FSSAI) की केंद्रीय सलाहकार समिति के सदस्य के रूप में नामित किया गया

**चमकता राजस्थान। जयपुर (संवाददाता खलील कुरेशी)** आज दिनांक :- 5 जुलाई 24 को जयपुर स्थित उपभोक्ता पैरवी समूह कट्स इंटरनेशनल के एसोसिएट डायरेक्टर दीपक सक्सेना को भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (ऋरअक) की केंद्रीय सलाहकार समिति (उअउ) में उपभोक्ता खंड से सदस्य के रूप में नामित किया गया है।



कंज्यूमर यूनिटी एंड ट्रस्ट सोसाइटी (कट्स इंटरनेशनल) एक ऐसा संगठन है जो कई दशकों से खाद्य सुरक्षा सहित उपभोक्ता-संबंधित मुद्दों पर सक्रिय रूप से काम कर रहा है। 1983-84 में एक ग्रामीण विकास संचार पहल के रूप में स्थापित, कट्स भारत और विश्व स्तर पर उपभोक्ता आंदोलन में एक अग्रणी आवाज के रूप में विकसित हुआ है। संगठन का मुख्यालय जयपुर, राजस्थान में है और यह पू-रे भारत और दुनिया भर के 30 से अधिक देशों में बड़े पैमाने पर संचालित होता है। कट्स ने हितधारकों को एकजुट करने और मजबूत खाद्य लेबलिंग नियमों और भारत में ट्रांस वसा के उन्मूलन की पैरवी करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है !संगठन ने प्रारूप नियमों पर समेकित प्रतिक्रिया प्रदान की है, राष्ट्रीय परामर्श में एफएसएसएआई के साथ सहयोग किया है, और लेबलिंग नियमों के निर्माण के दौरान उपभोक्ता हितों की रक्षा के लिए दबाव डाला है।यह तीसरी बार है, जब उपभोक्ताओं के हित में कट्स का प्रतिनिधित्व ऋरअककी इस अत्यंत महत्वपूर्ण समिति में किया जा रहा है। कट्स पिछले कई वर्षों से भारत और अन्य देशों में उपभोक्ताओं और खाद्य सुरक्षा से संबंधित मुद्दों पर काम कर रहा है। सक्सेना का कार्यकाल जुलाई, 2025 तक होगा।

# भाजपा नेता रवि नैय्यर ने आदर्श नगर विधानसभा में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान की शुरुआत की

## पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाएं और देखभाल का लें संकल्प : रवि नैय्यर

चमकता राजस्थान

जयपुर। आदर्श नगर प्रत्याशी भाजपा नेता रवि नैय्यर ने ३एक पेड़ मां के नाम३ अभियान की शुरुआत करते हुए आज मनोचिकित्सा केंद्र, गोविन्द मार्ग, सेठी कॉलोनी एवं सूर्य महल धर्मशाला में वृक्षारोपण किया तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ३एक पेड़ मां के नाम३ अभियान को सफल बनाने के लिए सभी लोगों से अपने आस पास अधिक से अधिक पेड़ लगाने की अपील की।

इस अवसर पर रवि नैय्यर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पर्यावरण संरक्षण में पेड़ों के महत्व को जीवनदायिनी मां के समकक्ष मानते हुए ३एक पेड़ मां के नाम३ अभियान का आव्हान किया है। उन्होंने आगे कहा कि वातावरण में प्राण वायु 'आक्सीजन' की आपूर्ति के साथ तापमान संतुलन में पेड़ों के महत्व को देखते हुए तथा भावी पीढ़ी को स्वच्छ एवं सुंदर वातावरण उपलब्ध करवाने के लिए अधिक से अधिक वृक्ष लगाएं और उनकी देखभाल का संकल्प लें।

इस अवसर पर मकोचिकित्सा केंद्र के अधीक्षक डॉ ललित बत्रा, उप अधीक्षक डॉ राजेश शर्मा, डॉ रोहित यादव, श्रीमती मीनाक्षी शर्मा, देवराज शर्मा, किशोर मोतयानी, विनोद कानूनगो, हर्षित, जितेन्द्र सिंह रावत, विक्रम चेची, रामावतार एवं अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# निशुल्क पुस्तक वितरण समारोह का हुआ आयोजन

चमकता राजस्थान



धौलपुर (रामदास तरुण)। आज राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय बाड़ी में निःशुल्क पुस्तक वितरण का समारोह का आयोजन किया गया । इस अवसर पर विद्यालय की एसडीएमसी के सदस्य राजकुमार भारद्वाज, प्रमोद मुद्गल वरिष्ठ पत्रकार, राजू शर्मा पूर्व उपाध्यक्ष रोहित वर्मा पत्रकार सहित कई अधिभावक गण उपस्थित रहे। निःशुल्क पुस्तक वितरण समारोह का आयोजन राज्य सरकार के आदेश की पालना में किया गया और छात्र -छात्राओं को पुस्तकों के लाभों के बारे में निर्देशित किया गया कि पुस्तकें हमारी मार्गदर्शक होती हैं हमें पुस्तकों की सुरक्षा करनी चाहिए तथा पूरी लगन के साथ अध्ययन करना चाहिए और अपनी कक्षा में अधिक से अधिक अंक प्राप्त करने चाहिए। इस अवसर पर राज्य सरकार द्वारा आयोजित कार्यक्रम के दौरान ही छात्राओं को लगभग 1000 से भी अधिक पुस्तकों के सेट कक्षा वार बनाकर निःशुल्क पाठ्य पुस्तक प्रभारी राखी मीणा ने कक्षा अध्यापकों के माध्यम से वितरण करवाएं तथा ऑनलाइन फीडिंग का कार्य किया गया इस अवसर पर अतिथि प्रमोद मुद्गल ने वृक्षारोपण के लाभों पर अपने विचार व्यक्त किए वयो वृद्ध वार्ड पार्षद राजकुमार भारद्वाज ने वृक्षारोपण और निशुल्क पाठ पुस्तक वितरण के बारे में कहा इस समय विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं अन्य अध्यापकों के द्वारा विद्यालय में पूरे मनोयोग से कार्य किया जा रहा है उन्होंने कहा कि बालिकाओं की शिक्षा बहुत जरूरी है उन्होंने इंदिरा गांधी, झांसी की रानी ,ज्योतिबा फुले सहित अन्य महिलाओं के त्याग और बलिदान के बारे में चर्चा की यह अवसर पर विद्यालय के एसडीएमसी के सक्रिय सदस्य एवं पत्रकार रामदास तरुण ने छात्राओं से कहा कि वृक्षारोपण करते समय हर घर के अंदर तुलसी का एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए । बशारत अली खान ने कहा की पुस्तकों की वाइंडिंग अवश्य कर लें ताकि आगामी सत्र में अन्य छात्र- छात्राओं को पुस्तके मिल सकें अंत में प्रधानाचार्य विनोद कुमार शर्मा ने सभी अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा के सभी छात्राएं एक लक्ष्य का निर्धारण करके अपने जीवन को सफल बनाएं और अपने परिवार का नाम रोशन करें साथ ही विद्यालय का नाम भी रोशन करें इस अवसर पर राजू शर्मा पूर्व उपाध्यक्ष, रोहित वर्मा, कुमरपाल उप प्राचार्य, हीरा जाट, राखी मीणा, विजेंद्र धाकड़, विनोद बिंदल, नरेंद्र मीणा, सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा ।

### भाजपा की वृहद प्रदेश कार्य समिति की तैयारियों को लेकर प्रदेश महामंत्री गोठवाल ने किया समितियों के कार्यो का बंटवारा

- कार्य समिति बैठक के आयोजन को लेकर बूथ स्तर तक के कार्यकर्ता को सौंपी गई जिम्मेदारी - जितेंद्र गोठवाल

**चमकता राजस्थान। जयपुर।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में आज भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी के निर्देश पर प्रदेश महामंत्री एवं विधायक जितेंद्र गोठवाल ने वृहद प्रदेश कार्यसमिति की तैयारियों को लेकर बूथ स्तर तक के कार्यकर्ता को जिम्मेदारी सौंपी। इस दौरान जितेंद्र गोठवाल ने कहा कि कार्य समिति बैठक को लेकर व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। बीजेपी प्रदेश कार्यसमिति की बैठक सीतापुरा के जयपुर एग्जिबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर (जेईसीसी) में आयोजित होगी। वृहद कार्यसमिति बैठक में विशेष आमंत्रित सदस्य, प्रदेश स्तरीय पदाधिकारी, प्रदेश स्तरीय नेता, भाजपा विधायक, मंत्रियों के साथ जिला स्तर के पदाधिकारी और मंडल स्तर के पदाधिकारी शामिल होंगे। भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं विधायक जितेंद्र गोठवाल ने कहा कि वृहद प्रदेश कार्य समिति की व्यवस्थाओं को लेकर अलग-अलग समितियां बनाई गई हैं। आज उन सभी समितियों के कार्यों का बंटवारा किया गया और कार्य निर्धारित किया गया। प्रदेश कार्य समिति की बैठक में आगंतुकों के प्रोटोकॉल, पंजीकरण से लेकर हर व्यवस्था सुचारू हो, इसके लिए सभी की पृथक-पृथक जिम्मेदारी तय की गई है।



# राजस्थान टीम ने 9वीं जूनियर रग्बी फुटबॉल नेशनल चैंपियनशिप में किया शानदार प्रदर्शन

चमकता राजस्थान



**जयपुर।** राजस्थान रग्बी टीम ने 9वीं जूनियर रग्बी फुटबॉल नेशनल चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचकर अपने राज्य का नाम रोशन किया और जयपुर पहुंचने पर उनका जोरदार स्वागत किया !

राजस्थान रग्बी संघ के चेयरमैन पंडित सुरेश मिश्रा ने बताया की प्रतियोगिता का यह आयोजन 25 एवं 26 जून को पुणे के बालेवाडी स्टेडियम में आयोजित हुआ था ! जिसमे राजस्थान रग्बी ने महाराष्ट्र को 28-5 से हराकर फाइनल में प्रवेश कर राजस्थान का नाम रोशन किया ! मिश्रा ने बताया कि राजस्थान टीम ने अपने प्रदर्शन से सभी का दिल जीता और राज्य का गौरव बढ़ाया। राजस्थान रग्बी की टीम का आज जयपुर पहुंचने पर माला, मैडल और कीट पहनाकर जोरदार स्वागत किया । मिश्रा ने बताया की विश्व के सबसे लोकप्रिय खेल फुटबॉल के बाद सबसे ज्यादा देखे जाने वाला पावर का खेल रग्बी है। पिछले कुछ वर्षों से हमारे देश भारत में इसकी लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है और युवाओं का इसके प्रति रुझान भी बढ़ रहा है। राजस्थान रग्बी संघ के सचिव कुलदीप सिंह राजावत ने बताया कि फाइनल मुकाबले में राजस्थान का सामना ओडिशा से हुआ। यह मैच बेहद कड़ा और प्रतिस्पर्धी था, जिसमें राजस्थान ने 5 अंक बनाए लेकिन ओडिशा की टीम ने 10 अंकों के साथ जीत हासिल की और चैंपियन बनी। फाइनल में राजस्थान का प्रयास और संघर्ष प्रशंसनीय रहा।

राजस्थान रग्बी संघ संयुक्त सचिव रविंद्र सिंह ने बताया की राजस्थान टीम और उनके सभी खिलाड़ियों को इस बेहतरीन यात्रा के लिए हार्दिक बधाई ! उन्होंने हमें गर्व करने का अवसर दिया है और हमें विश्वास है कि भविष्य में वे और भी ऊँचाइयों को छूएंगे। फाइनल में हार के बावजूद, उन्होंने जिस तरह से खेला, वह प्रेरणादायक है।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान, मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929